

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 235 | ग्वालियर, रविवार 15 मई 2022 | पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## गुना जिले में हुई घटना के अपराधियों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई: मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रातः निवास कार्यालय में आपात बैठक बुलाकर गुना जिले में कल मध्य रात्रि पुलिसकर्मियों और शिकारियों के मध्य हुई गोलीबारी की घटना और




पुलिसकर्मियों की मृत्यु के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि पुलिस तत्काल इस घटना के दोषी अपराधियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना की विस्तृत जाँच भी करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर को घटना स्थल पर विलम्ब से पहुँचने का दोषी मानते हुए उन्हें हटाने के निर्देश दिए। बैठक में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा उपस्थित थे। पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस घटना में शहादत देने वाले पुलिस के तीनों साथी सब इंस्पेक्टर राजकुमार जाटव, आरक्षक नीरज भार्गव और आरक्षक संतराम की शहादत व्यर्थ नहीं जाने दी जाएगी। इन्होंने कर्त्तव्य की बलिवेदी पर अपने जीवन को न्यौछावर किया है। उन्हें शहीद का दर्जा देकर परिजन को एक-एक करोड़ रुपये की सम्मान निधि दी जाएगी। साथ ही परिवार के एक सदस्य को शासकीय सेवा में लिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी जो शहीद हुए हैं उनका सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार हो।

# आरोन मुठभेड़: पुलिस ने घेरा आरोपियों का गांव, एक की लाश मिली

### मुख्यमंत्री का ऐलान मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 1-1 करोड़, आईजी को हटाया

**गुना।** आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा बरखेड़ा के बीच पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ के बाद पुलिस ने आरोपियों का गांव बिदोलिया को घेर लिया है, गांव और जंगल में सर्चिंग की जा रही है। सर्चिंग के दौरान आरोपियों के घर से एक लाश भी मिली है। जिसका पीएम कराया जा रहा है। मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए देने व ग्वालियर आई जी को हटाने का ऐलान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया है।





**पुलिस ने घेरा आरोपियों का गांव:** पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ के बाद पुलिस ने तीनों पुलिसकर्मियों का पीएम कराया और तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपियों का गांव राघोगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बिदोलिया को पूरी तरीके से घेर लिया गया और सर्चिंग की जा रही है। इसी सर्चिंग के दौरान आरोपियों के एक घर से नौशाद नामक व्यक्ति की लाश गोली लगी अवस्था में मिली है, इसका पीएम कराया जा रहा है।

**सात आरोपियों पर मामला दर्ज, पुलिस की इंसाफ रायफल भी ले गए बदमाश:** जानकारी के अनुसार पुलिस से मुठभेड़ करने वाले 7 अज्ञात बदमाशों पर धारा 302, 307 वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम व अन्य धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। मुठभेड़ के बाद बदमाशों ने पुलिस की इंसाफ राइफल भी लूट ली और घायल साथियों को लेकर घटनास्थल से ले गए। इन बदमाशों की सर्चिंग के लिए पुलिस लगातार लगी हुई है।

**लड़की की शादी की दावत के लिए मारे थे हिरण मोर:** पुलिस से मुठभेड़ करने वाले बदमाशों में से एक बदमाश की लड़की की शादी थी और इसी शादी की दावत के लिए आरोपियों ने हिरण और मोर का शिकार किया था। एक बदमाश के छोटे भाई नौशाद की लाश गोली लगी लगी अवस्था में मिली है।

**परिजनों को मिलेंगे 1-1 करोड़, रुपए, अंतिम संस्कार में शामिल होंगे जिले के प्रभारी मंत्री:** गुना मुठभेड़ को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सख्त, मुख्यमंत्री निवास में हुई उच्च स्तरीय आपात बैठक, सीएम शिवराज ने गुना मुठभेड़ की अधिकारियों से ली रिपोर्ट, सरकार का बड़ा ऐलान, पुलिस कर्मियों को दिया जाएगा शहीद का दर्जा, शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को मिलेंगे 1-1 करोड़, रुपए, श्री चौहान ने कहा है कि घटनास्थल पर ग्वालियर आईजी के देरी से पहुंचने के कारण तत्काल हटाने का फैसला लिया गया है। अंतिम संस्कार में शामिल होंगे जिले के प्रभारी मंत्री , जल्द होगी आरोपियों की गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई।

## उ. कोरिया पर कोरोना और रहस्यमय बुखार की मार, 1,87,800 लोग क्वारंटीन में 27 लोगों की मौत

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इस बीच उत्तर कोरिया में रहस्यमय बुखार के कारण 21 लोगों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को सरकारी मीडिया की ओर से



बताया गया कि अब तक छह लोगों की कोरोना वायरस से मौत हुई है, जबकि 1,87,800 लोग क्वारंटीन में हैं। उत्तर कोरिया की ओर से अभी तक कहा जा रहा था कि पिछले दो सालों से उनके यहां कोई मौत नहीं हुई है, लेकिन अब अधिकारियों ने उभरते हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट को माना है। गुरुवार को तानाशाह किम जोंग उन ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण मुख्यालय का दौरा किया, जिसके बाद मौतों की घोषणा की गई। कोरोना से जूझ रहे उत्तर कोरिया पर दोहरी मार पड़ी है। कोरोना से मौतों के बीच बुखार का प्रकोप भी बढ़ा है, जिससे 21 लोगों की मौत हुई है। तानाशाह किम जोंग उन ने स्वास्थ्य अधिकारियों की आलोचना करते हुए कहा कि बुखार का प्रसार दिखाता है कि महामारी रोकथाम प्रणाली में कमजोरी है। शनिवार को 21 लोगों की मौत के बाद किम ने कहा कि कोविड-19 के प्रसार ने देश को एक बड़ी उथल-पुथल में डाल जिया है। किम ने लोगों से महामारी पर काबू पाने के लिए चौतरफा लड़ाई का आह्वान किया। विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कोरिया में सीमित टेस्टिंग हो सकती है। ऐसे में उसने जो भी आंकड़े जारी किए वे एक छोटे से हिस्सा का प्रतिनिधित्व करते हैं। वहीं, कोरोना टीकाकरण न होने के कारण हजारों मौतें हो सकती हैं। सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी ने इस मामले पर इमरजेंसी मीटिंग की। इसमें कहा गया कि पिछले अप्रैल से लगभग 280,810 लोगों का इलाज किया गया और 27 लोगों की मौत हो गई।

## ज्ञान व्यापी का अर्थ ज्ञान का कुंआ, इसका कुरान में कहीं कोई जिक्र नहीं, यह शिव से जुड़ा स्थान : साक्षी महाराज

**उन्नाव।** ज्ञानवापी मस्जिद विवाद में उन्नाव के सासंद साक्षी महाराज ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि



ज्ञान वापी जैसा शब्द कुरान में कहीं नहीं है। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी का अर्थ है ज्ञान का सरोवर या ज्ञान का कुआं, इसके अर्थ से ही यह स्पष्ट होता है कि वह स्थान ज्ञान के प्रदाता भगवान शिव का है। ज्ञानवापी में विवाद का कोई मतलब नहीं है। मथुरा मामले में भी भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने बयान दिया। उन्होंने कहा मथुरा में ईदगाह आक्रांताओं ने भगवान कृष्ण के मंदिर को तोड़कर बनाया था। मथुरा का मामला कोर्ट में है कोर्ट जो भी निर्णय लेगा हमसे स्वीकार करेंगे। दरअसल, अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले भाजपा सांसद साक्षी महाराज शुक्रवार को उन्नाव प्रवास पर रहे। यहां सांसद ने एक कॉलेज में टेबलेट और स्मार्ट फोन वितरण किया। इस दौरान सांसद ने छात्र-छात्राओं को भविष्य में नई बुलंदियों को छूने का आशीर्वाद दिया। सांसद साक्षी महाराज ने ओवैसी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा ओवैसी ने कहा था कि अयोध्या में भगवान राम के नाम पर एक ईंट नहीं रखी जा सकती है, आज वहां पर गगनचुंबी मंदिर बन रहा है। साक्षी महाराज ने कहा कि कांग्रेस कितनी भी चिंतक बैठक करें, उनके पास सोनिया-राहुल के अलावा कोई तीसरा नहीं है।

## ज्ञानवापी सर्वे पर ओवैसी ने उठाए सवाल, कहा- दूसरी मस्जिद शहीद नहीं होने देंगे



**अहमदाबाद।** दिसंबर में होनेवाले गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की राज्य में चहल पहल बढ़ गई है7 आगामी चुनाव को लेकर शनिवार को गुजरात आए एआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में किए जा रहे सर्वे को लेकर सवाल उठाए उन्होंने कहा कि बाबरी मस्जिद धोखे से छीन ली है, लेकिन ज्ञानवापी मस्जिद छीनने नहीं देंगे मैं जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि ज्ञानवापी मस्जिद थी और रहेगी ओवैसी ने 1991 के कानून में स्पष्ट है कि 15 अगस्त 1947 के रोज जो भी धार्मिक स्थल था, उसमें किसी प्रकार की छेड़छाड़ या बदलाव नहीं किया जा सकता उन्होंने कहा कि 1991 में ज्ञानवापी मामल में इलाहाबाद कोर्ट ने स्टे जारी किया था अगर कोई 1991 के कानून के विपरीत जाकर मंदिर, मस्जिद, गिरजा घर इत्यादि से छेड़छाड़ या बदलाव करनेका प्रयास करता है उसके खिलाफ मुकद्दमा दर्ज करो इस मामले में आरोपी को 3 साल की सजा हो सकती है उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही नहीं बल्कि कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी समेत सभी राजनीतिक दल मुसलमानों को डराने का प्रयास कर रहे हैं ये सभी दल चाहते हैं कि मुसलमान केवल अपने घरों में मुसलमान बनकर रहें और घर से बाहर निकलें तब मुसलमान न रहें7 ऐसे में प्रधानमंत्री को ज्ञानवापी के मामले में मौन तोड़ना चाहिए, वह इस प्रकार मौन नहीं रह सकते7 प्रधानमंत्री भरुच के अयूब पटेल की बेटी की आंखों में आंसू देख भावुक हो जाते हैं।

### बच्चे की जान बचाने के लिए 8वीं मंजिल पर चढ़ा शख्स

**नूर सुल्तान।** सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स इमारत की 8वीं मंजिल पर फंसे बच्चे को रेस्क्यू करता नजर आ रहा है। वीडियो कजाकिस्तान का बताया जा रहा। वीडियो में दिख रहा हैं कि इमारत की खिड़की पर एक छोटे बच्चे को झूलता देख शख्स ने बच्चे को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी। बच्चे को बचाने वाले व्यक्ति की पहचान 37 वर्षीय सबित शोंतकबाएव के रूप में हुई है। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर हर कोई सबित की तारीफ कर रहा है। घटनास्थल पर मौजूद एक सोशल मीडिया यूजर ने यह वीडियो शेयर किया है। वीडियो के साथ कैप्शन पर लिखा है कि सबित एक दोस्त के साथ जा रहे थे, तभी उन्होंने इमारत के पास भीड़ देखी, वहां हंगामा हो रहा था। तभी उन्होंने एक बिल्डिंग की 8वीं मंजिल की खिड़की पर एक बच्चे को लटका हुआ देखा, वह जल्दी से सातवीं मंजिल पर पहुंचे और बच्चे को बचा लिया।

## खास खबर

### शिमला में खाई में गिरा ट्रक, ड्राइवर-कंडक्टर की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में शनिवार सुबह 4 बजे ठियोग के संधू नामक स्थान पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर एक गहरी खाई में गिर गया। हादसे में चालक और परिचालक दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर क्षतिग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है। केस दर्ज करके हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि ट्रक शिमला आ रहा था और रास्ते में अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में गिर गया। ड्राइवर रवि गांव शील सोलन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक कंडक्टर मुन्ना गांव खन्यासनी, उत्तराखंड ने सुबह ठियोग अस्पताल में दम तोड़ा।

### त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने दिया इस्तीफा, नए सीएम का ऐलान जल्द

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने शनिवार को राज्यपाल एसएन आर्य से मुलाकात कर मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया है। इसके बाद नए नेता के चयन के लिए शनिवार को शाम 5 बजे भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। बैठक के बाद नए नेता के नाम का ऐलान होगा। विधायक दल की बैठक के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, विनोद तावड़े और त्रिपुरा के प्रभारी विनोद सोनकर अगरतला पहुंच गए हैं। माना जा रहा है कि राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी एक नए चेहरे के साथ मैदान में उतरना चाहती है। बिप्लब कुमार देब 2018 में सीएम बनने से पहले लंबे समय तक आरएसएस से जुड़े रहे। त्रिपुरा के गोमोती जिले के अकराबन, उदयपुर में जन्मे बिप्लब 15 साल तक राष्ट्रीय राजधानी में रहे। 2016 में पार्टी की राज्य इकाई का कार्यभार संभालने के लिए कहने से पहले वह दिल्ली में जिम प्रशिक्षक के रूप में काम करते थे।

### अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल में भीषण आग

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में गुरु नानक देव अस्पताल में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंच गई हैं और मरीजों को बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार दोपहर की बताई जा रही है। अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं और आग बुझाने का काम जारी है। दमकल अधिकारी लवप्रीत सिंह ने कहा, शुरुआत में ट्रांसफार्मर में आग लग गई। दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। आग पर काबू पा लिया गया है।

### दुनिया भर के टैलेंट को अपने यहां बुला रहा चीन

**नई दिल्ली।** चीन अपनी इकोनॉमी और वर्कप्लेस को मजबूत करने के लिए ग्लोबल रिक्रूटमेंट स्ट्रेटजी पर काम कर रहा है। इसका मकसद पश्चिमी देशों से प्रतिभाओं को अपने यहां बुलाकर अमेरिका के वैश्विक नेतृत्व को चुनौती देना है। अगर चीन सफल होता है तो अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों से भर्ती की गई प्रतिभा से इसे टेक्नोलॉजी ट्रांसफर में मदद मिलेगी। साथ ही यह चीन को आर्थिक, तकनीकी और सैन्य रूप से अमेरिका से आगे निकलने में सक्षम बनाएगी। इसे देखते हुए अमेरिका को इस चीनी रणनीति से सावधान रहना होगा।

# 12 साल से कम आयु की बच्ची से गैंगरेप में मरते दम तक जेल की सजा पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

### अटार्नी जनरल, केंद्र व महाराष्ट्र सरकार को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** बारह वर्ष से कम आयु की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म के दोषी को अनिवार्य रूप से मरते दम तक जेल की न्यूनतम सजा के प्रविधान पर सुप्रीम कोर्ट विचार करेगा। कोर्ट ने कानून में जीवन पर्यत जेल की न्यूनतम सजा के मुद्दे पर विचार का मन बनाते हुए अटार्नी जनरल, केंद्र सरकार और महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी किया है। सामूहिक दुष्कर्म के एक दोषी निखिल शिवाजी गोलाइत ने याचिका दाखिल कर आइपीसी की धारा 376 डीबी को संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) का उल्लंघन बताते हुए चुनौती दी है।

निखिल शिवाजी गोलाइत फिलहाल नागपुर सेंट्रल जेल में बंद है। उल्लेखनीय है कि 2018 में आइपीसी में संशोधन के जरिये दुष्कर्म के मामलों में सजा को और सख्त किया गया था। उसी समय 12 वर्ष से कम उम्र की लड़की से सामूहिक दुष्कर्म में आइपीसी की धारा 376 डीबी में इस कड़ी सजा का प्राविधान किया गया



था। शुक्रवार को न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने मामले को महत्वपूर्ण मानते हुए नोटिस जारी किया। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील गौरव अग्रवाल ने याचिका पर बहस करते हुए कहा कि उन्होंने 12 साल से कम उम्र की लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के दोषी को न्यूनतम जीवन पर्यंत कारावास की सजा को चुनौती दी है। अग्रवाल ने कहा कि यह धारा संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 में मिले अधिकारों का हनन करती है। उन्होंने कहा हमारे संविधान में सजा के अमानवीय होने के बारे में कुछ नहीं कहा गया है जबकि अन्य देशों के कानून में सजा के अमानवीय होने की भी बातें हैं। अग्रवाल ने कहा कि यह अनिवार्य न्यूनतम सजा है। यदि किसी को 20 वर्ष की उम्र में सजा हो गई और वह 80-90 वर्ष तक जीवित रहा तो वह कितने साल जेल में रहेगा? सुप्रीम कोर्ट का पूर्व आदेश देखा जाए तो ऐसे मामलों में सरकार को सजा माफ कर समय पूर्व रिहाई देने का अधिकार नहीं है। दूसरे देशों का उदाहरण देते हुए अग्रवाल ने कहा कि अबू सलेम आतंकी है, लेकिन पुर्तगाल की सरकार ने उसे प्रत्यार्पित करते वक्त शर्त लगाई कि उसे 25 वर्ष से ज्यादा कैद की सजा नहीं दी जाएगी। इन दलीलों को सुन कर जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि याचिका इंटरेस्टिंग है। वह इस मामले में नोटिस जारी कर रहे हैं।

## मेघालय में भारी बारिश से 2 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत की कृषि आधारित अर्थव्यस्था की जीवनरेखा माना जाने वाला दक्षिण पश्चिमी मानसून समय से पांच दिन पहले, 27 मई तक केरल में वर्षा की पहली फुहार ला सकता है। केरल में मानसून का आगमन आमतौर पर एक जून को होता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा, इस साल केरल में दक्षिण पूर्वी मानसून का आगमन समय से पहले हो सकता है। केरल में मानसून 27 मई को दस्तक दे सकता है, और इस तारीख में चार दिन आगे पीछे होने का अनुमान है। वर्ष 2009 में दक्षिण पश्चिमी मानसून 23 मई को केरल पहुंचा था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार केरल में मानसून के समय पूर्व आगमन के पीछे चक्रवात असानी के प्रभाव है। दक्षिण पश्चिमी मानसून के समय से पहले आगमन की घोषणा ऐसे समय की गई है जब उत्तर पश्चिमी भारत के क्षेत्र अत्यधिक तापमान का सामना कर रहे हैं। मौसम विभाग ने कहा कि अंडमान निकोबार द्वीप समूह में सात दिन पहले 15 मई तक मानसून के आगमन का अनुमान है। मेघालय में भारी



बारिश होने से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ और नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसके साथ ही राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार रात से शुरू हुई बारिश के कारण राज्य के विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन होने से यातायात बाधित हुआ है। उन्होंने कहा कि मलबा हटाने का काम जारी है। मौसम विभाग ने कहा कि बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न मौसम परिस्थिति के चलते बारिश अगले 24 घंटे तक जारी रह सकती है। राष्ट्रीय राजधानी के अधिकतर इलाकों में शुक्रवार को लू चलती रही और नजफगढ़ में तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को अधिकतर स्थानों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। वहीं रविवार को येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सफदरजंग वेधशाला में शनिवार को तापमान 44 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है।

## इमरान खान की रैली में पुलिस ने पीटीआई कार्यकर्ताओं पर भांजी लाठी

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पीटीआई की सियालकोट रैली से पहले जगह को खाली करने की कार्रवाई शुरू कर दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार की सुबह सियालकोट में शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार को हटाने के विरुद्ध पीटीआई ने प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने पीटीआई कार्यकर्ताओं पर आंसू गैस छोड़े और लाठी भांजनी शुरू कर दी। दिन में होने वाली रैली से पहले नेता उस्मान डार सहित पार्टी के कई सदस्यों को हिरासत में ले लिया गया है। इसके अलावा टेलीविजन फुटेज का हवाला देकर लिखा गया कि पुलिस कर्मियों को रैली के लिए बनाए



गए ढांचे को तोड़ते हुए देखा गया, जबकि फुटेज में आंसू गैस के गोले दागे जाने की बात भी सामने आई है। वहीं पूरे मामले को लेकर सियालकोट रैली स्थल पर मौजूद जिला पुलिस अधिकारी ने कहा कि स्थानीय ईसाई समुदाय ने जमीन पर जनसभा आयोजित करने को लेकर आपत्ति जताते हुए कहा था कि यह उनकी संपत्ति है। उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा था कि ग्राउंड पर कोई राजनीतिक रैली नहीं हो सकती। इसपर कोर्ट ने सियालकोट डिप्टी कमिश्नर को आदेश दिया कि दोनों पार्टियों को सुनिये और केस का फैसला करें।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान ने पाकिस्तान में आम चुनाव कराने की मांग की है। इमरान खान ने सरकारी कर्मचारियों से कहा कि अगर आप अपनी नौकरी के जाने से डर रहे हैं, तब आप अपने परिजनों को रैली में भेज दे।वहीं इसके पहले इमरान खान ने लोगों से स्वतंत्र पाकिस्तान की ओर एक लंबे मार्च के लिए पीटीआई के साथ एकजुट होने का आग्रह किया। रिपोर्ट के अनुसार, इमरान ने घोषणा की कि वह अपने रास्ते में आने वाले किसी भी परिणाम का सामना करने के लिए तैयार हैं, चाहे वह मारा जाए या गिरफ्तार किया जाए।

## न्यूज़ ट्रैक....

### सिंधु की हार के साथ ही भारतीय महिला टीम उबेर कप से बाहर हुई

**बैंकॉक** । भारतीय महिला बैडमिंटन टीम थाईलैंड में जारी उबेर कप से बाहर हो गयी है। भारतीय टीम को क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। शीर्ष भारतीय खिलाड़ी सिंधु को पहले ही एकल मुकाबले में रतचानोक इंतानोन ने 21-18, 17-21, 12-21 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे से भी कम समय तक चला। इस हार के साथ ही सिंधु का इंतानोन के खिलाफ रिकॉर्ड 4-7 हो गया है। वहीं एक अन्य मुकाबले में श्रुति मिश्रा और सिमरन सिंघी की महिला युगल जोड़ी को जोंगकोलफान किथिथाराकुल और राविंदा प्राजोंगजई के हाथों 16-21, 13-21 से हार मिली। इस प्रकार भारत 0-2 से पीछे हो गया। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आकर्षी कश्यप भी 42 मिनट तक चले दूसरे एकल मैच में पोर्नपावी चोचुवोंग के हाथों 16-21, 11-21 से हार कर बाहर हो गयीं। इस प्रकार थाईलैंड को 3-0 की अजेय बढ़त मिल गयी। ऐसे में बचे हुए दो मैच केवल औपचारिकता भर रह गए थे जिन्हें नहीं खेलने का फैसला किया गया। इससे पहले भारत की ही सिंधु को ग्रुप डी के अंतिम मैच में दुनिया की चौथे नंबर की कोरियाई खिलाड़ी एन सेयॉन्ग के खिलाफ सीधे गेम में 15-21 14-21 से हार मिली।

गिरजा/ईएमएस 13मई 2022

### केरल सरकार फुटबॉल टीम को देगी एक करोड़ से अधिक का इनाम

**तिरुवनंतपुरम** । केरल सरकार ने कहा है कि संतोष ट्रॉफी जीतने वाली राज्य की फुटबॉल टीम को एक करोड़ रुपए से अधिक का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। केरल ने फाइनल में बंगाल को पेनल्टी शूट आउट में हराकर यह ट्रॉफी जीती थी। राज्य के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में टीम को कुल 1.14 करोड़ रुपये नकद पुरस्कार देने का फैसला हुआ। विजेता टीम के 20 खिलाड़ियों और मुख्य कोच में से प्रत्येक को पांच लाख रुपये जबकि सहायक कोच, मैनेजर और गोलकीपर प्रशिक्षक को तीन-तीन लाख रुपये दिये जाएंगे। राज्य सरकार का मानना है कि इससे खेल को प्रौत्साहन मिलने के साथ ही खिलाड़ियों का हौंसला भी बढ़ेगा।

### कोमैन फिर बनेंगे नीदरलैंड के कोच

**एम्सटर्डम** । रोनाल्ड कोमैन कतर में होने वाले विश्व कप फुटबॉल के बाद एक बार फिर नीदरलैंड टीम के कोच बनेंगे। विश्व कप में नीदरलैंड की टीम कोच लुई वान गाल के मार्गदर्शन में उतरेगी पर वान ने पहले ही कह दिया था कि वह 18 दिसंबर को कतर में समाप्त होने वाले टूर्नामेंट के बाद कोच पद पर नहीं रहेंगे। ऐसे में कोमैन को दूसरी बार कोच बनना तय है क्योंकि डच सॉकर महासंघ ने एक बार फिर कोमैन को टीम के साथ जोड़ने का फैसला किया है। डच महासंघ के निदेशक मारियेन वान ल्युवेन ने कहा, 'कोच के रूप में उनके पहले कार्यकाल के दौरान हम उनके काम और परिणामों को लेकर संतुष्ट थे। कोमैन दो साल से भी कम समय पहले नीदरलैंड की राष्ट्रीय टीम को छोड़कर स्पेन के क्लब बार्सीलोना से जुड़े थे जहां वह एक खिलाड़ी के तौर पर सफल रहे थे थी लेकिन कोच के तौर पर उनका कार्यकाल अच्छा नहीं रहा था। इसी कारण क्लब ने उन्हें पिछले साल अक्टूबर में हटा दिया था।

# केकेआर को हराकर प्लेऑफ के लिए उम्मीदें बनाये रखने उतरी सनराइजर्स

**पुणे** । सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को होने वाले आईपीएल के लीग मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को हराकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बरकरार रखने उतरेगी। सनराइजर्स हैदराबाद के 11 मैचों में 10 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए इन तीनों को जीतना होगा। एक भी मैच हारने पर वह बाहर हो जाएगी। सनराइजर्स की राह आसान नहीं है कयोंकि पिछले पांच मैचों में उसे लगातार हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में उसे केकेआर के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वहीं दूसरी ओर केकेआर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। उसके 12 मैचों में 10 अंक हैं और अब उसके दो मैच ही शेष हैं, अगर वह इन दोनो को भी जीत लेती है तो भी उसके 14 अंक ही होंगे जबकि राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर 12 मैचों में 14 अंक लेकर शीर्ष चार में बरकरार हैं।

सनराइजर्स को इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो उसके गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में उसके प्रमुख गेंदबाज उमरान मलिक नाकाम रहे थे। उसे वॉशिंगटन सुंदर और टी नटराजन के नहीं होने का भी नुकसान उठाना पड़ा था। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में सनराइजर्स ने फजलहक फारुकी और कार्तिक त्यागी को उतारा पर यह दोनो ही प्रभावित नहीं कर पाये। जहां तक बल्लेबाजी की बात है टीम के पास टीम की उम्मीदें



कप्तान केन विलियमसन पर टिकी रहेंगी। होगी। विलियमसन अब तक इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं पर अब उन्हें टीम को जीत दिलाने रन बनाने होंगे। युवा अभिषेक शर्मा के साथ ही. राहुल त्रिपाठी, निकोलस पूरन और एडेन मार्करम से टीम को बेहतर बल्लेबाजी की उम्मीद रहेगी। वहीं दूसरी ओर केकेआर इस सत्र में अपनी अंतिम ग्यारह में लगातार बदलाव करती रही है जो उसके लिए नुकसानदेह रहा है। केकेआर ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को हराया था जिससे उसका मनोबल कुछ हद तक बढ़ा रहेगा। केकेआर की टीम हालांकि पावरप्ले में रन बनाने में विफल रही है। युवा वेंकटेश अय्यर अब लय में आ रहे हैं जिसका लाभ उसे मिलेगा। गेंदबाजी की बात करें तो टिम साउदी और पैट कमिंस ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था पर इस मैच में कमिंस नहीं खेलेंगे क्योंकि फिट नहीं होने के कारण वह आईपीएल से बाहर हो गये हैं। इसके अलावा अनुभवी गेंदबाज उमेश यादव भी मांसपेशियों खिंचाव के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाये थे। अब देखना है कि वह फिट हो पाते हैं या नहीं

### टीम इस प्रकार हैं

कोलकाता नाइट राइडसः श्रेयस अय्यर (कप्तान), एरोन फिंच, अभिजीत तोमर, अजिंक्य रहाणे, बाबा इंद्रजीत, नीतीश राणा, प्रथम सिंह, रिंकू सिंह, अशोक शर्मा, पैट कमिंस, रसिख डार, शिवम मावी, टिम साउदी, उमेश यादव, वरुण चक्रवर्ती, अमन खान, आंद्रे रसेल, अनुकुल रॉय, चमिका करुणारत्ने, मोहम्मद नबी, रमेश कुमार, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर, सैम बिलिंग्स, शेल्डन जैक्सन.

सनराइजर्स हैदराबादः केन विलियमसन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, प्रियम गर्ग, विष्णु विनोद, ग्लेन फिलिप्स, आर समर्थ, शशांक सिंह, रोमारियो शेफर्ड, मार्को यानसेन, जे सुचित, श्रेयस गोपाल, भुवनेश्वर कुमार, सीन एबॉट, कार्तिक त्यागी, सौरभ तिवारी, फजलहक फारुकी, उमरान मलिक, टी नटराजन।



**दोहा** के सुहैम बिन हमद स्टेडियम में महिलाओं के शॉट पुट के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका की चेज़ एली प्रतिस्पर्धा करती हुईं।



टेनिस-एटीपी मास्टर्स 1000 इटालियन ओपन के क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान गेंद को रिटर्न करतीं कनाडा की बियांका वैनेसा।

# धोनी का क्रिकेट के प्रति जुनून बेमिसाल : गावस्कर

**मुंबई** । क्रिकेट लीजेंड महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के अगले सीजन में खेलेंगे या नहीं इन दिनों इस पर चर्चा की जा रही है। 15वें सीजन में सीएसके का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। 12 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली हार के बाद चेन्नई टीम की टीम दूसरी बार शर्मनाक तरीके से प्लेऑफ की दौड़ से भी बाहर हो गई है। अब टीम को औपचारिकता पूरी करने के लिए सिर्फ 2 मैच और खेलना है। मुंबई की टीम पहले ही प्लेआफ से बाहर हो चुकी है। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने एमएस धोनी के 2023 आईपीएल में खेलने को लेकर कहा कि धोनी क्रिकेट के प्रति अभी भी उत्साहित हैं।



इससे लगता है कि वह अगले सीजन में भी खेलेंगे। मुंबई के खिलाफ मैच में उन्होंने नाबद 36 रन की पारी खेली। सुनील गावस्कर ने कहा मेरा मतलब है एमएस धोनी मुंबई के खिलाफ मैच में कैसा खेले। वह स्पष्ट रूप से दिखा रहे हैं कि खेल के प्रति वह अभी भी उत्साहित हैं। वह मैदान पर अच्छे दिख रहे हैं, वह विकेटों के बीच अच्छी दौड़ लगा रहे हैं। इससे प्रतीत होता है कि वह आईपीएल के आगामी सीजन में खेलेंगे।

गावस्कर के मुताबिक जैसा कि धोनी ने साल 2020 में कहा था कि वह अभी आईपीएल मे खेलना जारी रखेंगे। मुंबई के खिलाफ मैच में धोनी ने 33 गेंदों पर 36 रन की नाबाद पारी खेली थी। जल्दी-जल्दी विकेट गिर जाने की वजह से वह पावरप्ले में बैटिंग करने आए। इसके बाद टीम के 16वें ओवर में ऑल आउट होने के बाद वह नाबाद रहे। अपनी 36 रनों की पारी में उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के लगाए। एक वक्त ऐसा था जब वह गैप नहीं ढूढ़ पा रहे थे। तो ऐसे में उन्होंने सिंगल्स बटोरे। वह मुंबई के खिलाफ अकेले संघर्ष करते हैं। इस मैच में सीएसके की टीम 97 रनों पर ऑल आउट हो गई थी। जिसके बाद जीत के लिए 98 रन का टारगेट मुंबई ने 14.5 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर पूरा कर लिया। इंडियन प्रीमियर लीग 2022 में एमएस धोनी ने अब तक कमाल की बल्लेबाजी की है। सीएसके की टीम भले प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। लेकिन धोनी को जब मौका मिला तो वह रन बनाने से नहीं चूके। 15वें सत्र में 12 मैचों की 11 पारियों वह 199 रन बना चुके हैं। इस दौरान उन्होंने एक अर्धशतक भी लगाया है।

# आईपीएल में बचे हुए लीग मुकाबलों से बाहर हुए पृथ्वी

**मुम्बई** । दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ आईपीएल के इस सत्र में अपने बचे हुए दोनो लीग मुकाबलों में शायद ही खेल पायें। टीम के सहायक कोट शेन वॉटसन ने कहा है कि पृथ्वी अभी तक ठीक नहीं हुए हैं , ऐसे में उनके लीग स्तर के अंतिम दो मुकाबलों में खेलने की संभावना नहीं है। शॉ को बुखार के बाद से ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बल्लेबाज ने अंतिम बार एक मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेला था। वॉटसन ने कहा, मैं बीमारी को लेकर अधिक नहीं जानता पर उन्हें पिछले कुछ सप्ताह से लगातार बुखार है जिसके कारणों का पता नहीं चला है।



इस बल्लेबाज के नहीं खेलने से टीम को नुकसान हुआ है क्योंकि वह एक कुशल युवा बल्लेबाज हैं जो कि दुनिया के सबसे अच्छे गेंदबाजों पर प्रहार करने की क्षमता रखता है। उन्होंने आगे कहा, %उनका न होना हमारे लिए एक ब?ी क्षति है। उम्मीद है, उम्मीद है कि वह जल्द ही पूर्ण रूप से ठीक कर वापसी करेगा। ।

वहीं इससे पहले मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा , पृथ्वी को अब बाहर कर दिया गया है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्हें कितने मैचों के लिए बाहर किया गया है। मैच के बाद कप्तान ऋषभ पंत से जब पूछा गया कि क्या शॉ के लिए आईपीएल समाप्त हो गया है तब वह कोई स्पष्ट बात नहीं कर पाये। कप्तान ने कहा, हमें उनकी कमी खलती है पर साथ ही कहा कि यह कुछ ऐसा है जिसे हम नियंत्रित नहीं कर सकते हैं।% उम्मीद है कि वह जल्द ही टीम में वापसी करेंगे पर समय सीमा के बार में अभी नहीं कहा जा सकता।

## व्यापार न्यूज

### वनस्पति तेल का आयात घटकर 9.12 लाख टन रहा

**नई दिल्ली** । कच्चा पामतेल (सीपीओ) का आयात कम होने की वजह से खाद्य एवं अखाद्य तेलों सहित वनस्पति तेलों का आयात अप्रैल 2022 में 13 प्रतिशत घटकर लगभग 9.12 लाख टन रह गया। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा कि अप्रैल 2022 में वनस्पति तेलों का आयात घटकर 9,11,846 टन रह गया जो अप्रैल 2021 में 10,53,347 टन का रहा था। खाद्य तेलों का आयात अप्रैल 2021 के 10,29,912 टन के मुकाबले घटकर अप्रैल 2022 में 9,00,085 टन रह गया। वहीं अखाद्य तेलों का आयात पहले के 23,435 टन से घटकर अप्रैल 2022 में 11,761 टन रह गया। अप्रैल के महीने में सीपीओ का आयात घटकर 4,14,829 टन रहे गया जो पिछले वर्ष के समान अवधि में 6,89,731 टन था। चालू तेल विपणन वर्ष नवंबर 2021 से अप्रैल 2022 के दौरान की पहली छमाही के दौरान वनस्पति तेलों का आयात चार प्रतिशत बढ़कर 67,07,574 टन हो गया जो पिछले तेल विपणन वर्ष की समान अवधि में 64,28,350 टन था। तेल विपणन वर्ष नवंबर से अक्टूबर तक चलता है।

### यूको बैंक का मुनाफा बढ़कर 312 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली** । सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक ने बताया कि उसके खराब ऋण (एनपीए) में कमी आने की वजह से मार्च 2022 को समाप्त तिमाही में उसका मुनाफा तीन गुना से अधिक बढ़कर 312.18 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही में यूको बैंक ने 80 करोड़ रुपए का मुनाफा अर्जित किया था। यूको बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही के दौरान उसकी कुल आय घटकर 4,362 करोड़ रुपए रह गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 4,637 करोड़ रुपए थी। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 के लिए बैंक का मुनाफा 930 करोड़ रुपए रहा, जो 2020-21 के 167 करोड़ रुपए के मुकाबले पांच गुना से अधिक है। बीते वित्त वर्ष के दौरान बैंक की कुल आय 18,082 करोड़ रुपए रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 17,870 करोड़ रुपए थी। मार्च 2022 के आखिर तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) काफी कम होकर 7.89 प्रतिशत रह गई, जो मार्च 2021 के आखिरी तक 9.59 प्रतिशत थी। मूल्य के हिसाब से बैंक का सकल एनपीए 11,352 करोड़ रुपए से घटकर 10,237 करोड़ रुपए रह गया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा तिमाही मुनाफा 1,779 करोड़ पहुंचा

**नई दिल्ली** । सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा का मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में मुनाफा 1,779 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बैंक को वित्त वर्ष 2020-21 की समान तिमाही में 1,047 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 की जनवरी-मार्च अवधि में उसकी कुल आय गिरकर 20,695 ।90 करोड़ रुपए रही। वित्त वर्ष 2020-21 की इसी अवधि में यह 21,501.94 करोड़ रुपए रही थी। बीते पूरे वित्त वर्ष के लिए बैंक का शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 7,272.28 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 828.95 करोड़ रुपए रहा था। हालांकि, समाप्त वित्त वर्ष के दौरान उसकी कुल आय घटकर 81,364.73 करोड़ रुपए रह गयी जो इससे एक साल पहले 83,429 करोड़ रुपए रहा था। संपत्ति की गुणवत्ता के आधार पर बीती तिमाही में बैंक का सकल एनपीए 6.61 प्रतिशत रहा, जो वित्त वर्ष 2020-21 की समान अवधि में 8.87 प्रतिशत रहा था. मूल्य के संदर्भ में मार्च, 2022 की समाप्त तिमाही में बैंक का सकल एनपीए घटकर 54,059 करोड़ रुपए रहा। वित्त वर्ष 2020-21 की समान अवधि में यह 66,671 करोड़ रुपए रहा था। बीती तिमाही में बैंक का शुद्ध एनपीए भी घटकर 13,365 करोड़ रुपए रह गया, जबकि इससे एक साल पहले की इसी अवधि में यह 21,780 करोड़ रुपए रहा था ।बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए शेयरधारकों को प्रति शेयर 1.20 रुपये का लाभांश देने की सिफारिश की है। एसबीआई के अनुसार, उसकी सालाना आधार पर नेट इंटरेस्ट इनकम 15.3 फीसदी बढ़कर 31,198 करोड़ रुपएगई।

## रूस और यूक्रेन की बीच जारी जंग से गेहूं की अंतरराष्ट्रीय कीमत 40 फीसदी बढ़ी

# स्थानीय कीमतों को काबू करने सरकार ने गेहूं निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली** । केंद्र सरकार ने स्थानीय कीमतों पर काबू करने के ?लिए तत्काल प्रभाव से गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। गौरतलब है कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक है। सरकार ने कहा है कि पहले ही जारी किए जा चुके लेटर ऑफ क्रेडिट के तहत गेहूं निर्यात की अनुमति रहेगी। फरवरी के आख्रिर में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से काला सागर क्षेत्र से निर्यात में गिरावट के बाद वैश्विक खरीदार गेहूं की आपूर्ति के लिए भारत की ओर रुख कर रहे थे। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया कि देश की समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और पड़ोसी और अन्य कमजोर देशों की जरूरतों का समर्थन करने के लिए केंद्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत सरकार द्वारा दी गई अनुमति के आधार पर और सरकारों के अनुरोध के आधार पर निर्यात की अनुमति दी जाएगी। भारत सरकार पड़ोसी और



अन्य कमजोर विकासशील देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो गेहूं के वैश्विक बाजार में अचानक बदलाव से प्रतिकूल रूप से प्रभावित हैं और पर्याप्त गेहूं की आपूर्ति तक पहुंचने में असमर्थ हैं।रूस और यूक्रेन की बीच जारी जंग की वजह से गेहूं की अंतरराष्ट्रीय कीमत में करीब 40 फीसदी तेजी आई है। इसकी वजह से भारत से गेहूं का निर्यात बढ़ गया है। मांग बढ़ने से स्थानीय स्तर पर गेहूं और आटे की कीमतों में भारी तेजी आई है। देशभर में पिछले काफी समय से खाद्य सामग्री के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं, जिस वजह से लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। पिछले साल के मुकाबले आटे की कीमत करीब 13 फीसदी बढ़ गई है।आठ मई, 2021 को गेहूं के आटे का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 29.14 रुपये प्रति किलोग्राम था। केंद्र सरकार ने कहा कि कई गेहूं की वैश्विक कीमतों में अचानक वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप भारत, पड़ोसी और अन्य कमजोर देशों की खाद्य सुरक्षा खतरे में है। इस साल गेहूं की सरकारी खरीद में करीब 55 फीसदी की गिरावट आई है क्योंकि खुले बाजार में गेहूं की कीमत एमएसपी से कहीं ज्यादा मिल रही है। गेहूं की खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,015 रुपए प्रति क्विंटल है।

### कैट ने ई-फार्मेसी पर लगाम लगाने की मांग की

**नई दिल्ली** । कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) ने ई-फार्मेसी पर लगाम लगाने की मांग की है। इससे पहले भी कैट की ओर से लगातार ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर नकली, गलत या मिलावटी दवाएं बेचने वालों पर शिकंजा कसने की अपील की जा रही थी। जिसमें कहा गया था कि ई-फार्मेसी के नाम पर ये ऑनलाइन कंपनियां उन दवाओं को भी बेच रही हैं, जिनकी अनुमति नहीं है। इसके साथ ही कैट का कहना है कि देश में अनेक बड़े विदेशी और देसी कॉर्पोरेट कंपनियां ऑनलाइन फ़ार्मेसी से दवाओं की आपूर्ति करने के दौरान ड्रग एवं कॉस्मैटिक ानून की लगातार अवहेलना कर रही हैं। इससे न केवल देश के करोड़ों थोक और खुदरा केमिस्टों के व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं बल्कि उपभोक्ता विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण भारतीय उपभोक्ताओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है। कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया से इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर बार बार याद दिलाने के बावजूद कोई कारवाई न करने पर अफसोस जताया है। कैट ने उनसे इस मुद्दे पर गठित मंत्रियों के समूह जिसके अध्यक्ष राजनाथ सिंह थे, की सिफ़ारिशों को तुरंत सार्वजनिक करने का भी आग्रह किया है।

### एलएंडटी कंपनी को राजस्थान से मिला बड़ा अनुबंध

**नई दिल्ली** । निजी क्षेत्र की मशहूर कंपनी लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) को बड़ी कामयाबी मिली है। कंपनी को राजीव गांधी नहर के समानांतर वाहक प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए राजस्थान सरकार से एक अनुबंध मिला है। एल एंड टी ने शुक्रवार को बताया कि परियोजना वर्गीकरण के अनुसार मूल्य के लिहाज से इस आर्डर की लागत 1,000 करोड़ रुपये से लेकर 2,500 करो रुपये के बीच हो सकती है। कंपनी के अनुसार राजस्थान के जोधपुर, पाली और बाड़मेर जिलों की पानी की मांग पूरा करने के साथ यह परियोजना दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे और राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास निवेश निगम लिमिटेड (रिको) को पानी की आपूर्ति भी करेगी। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'एल एंड टी कंस्ट्रक्शन के जल एवं अपशिष्ट उपचार कारोबार को राजस्थान के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से राजीव गांधी नहर परियोजना के समानांतर वाहक प्रणाली बनाने के लिए निर्माण का अनुबंध प्राप्त हुआ है।'

# मांग और आपूर्ति में तालमेल बिगड़ने से कॉटन की कीमत 11 साल के उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली** । मांग और आपूर्ति में तालमेल बिगड़ने कॉटन की कीमतें 11 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। यह सूती धागे के स्पिनरों, कॉटन आधारित टेक्सटाइल और वस्त्र निर्माताओं को नुकसान पहुंचा रहा है। स्पिनिंग मिल कम क्षमता के साथ काम कर रही हैं वहीं कई कपड़ा निर्माताओं ने फैक्ट्रियां बंद कर दी हैं। इस उद्योग के जानकारों का अनुमान है कि भारत में प्रति माह कपास की औसत खपत भी लगभग 29 लाख गांठ से घटकर 19 लाख गांठ प्रति माह हो गई है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि 2021-22 में कपास की आवक भी कम हुई है। तमिलनाडु स्पिनिंग मिल्स एसोसिएशन ने इस मामले में मुंबई के कपड़ा आयुक्त को 3 बार प्रेजेंटेशन दी है। एसोसिएशन के एक वरिष्ठ अधिकारी कहते हैं कि तमिलनाडु में कई कताई मिलें हैं जो पूरे देश में 40 प्रतिशत तक उत्पादन में योगदान करती हैं। यह मिलें सप्ताह में केवल पांच दिन चल रही हैं, कई मिलें 12 घंटे की शिफ्ट अपना रही हैं और अपनी गतिविधियों को 12 घंटे के लिए बंद रख रही हैं। इसका मतलब है कि प्रभावी रूप से केवल 35 से 40 प्रतिशत उत्पादन चल रहा है। उधर, भारत के नंबर एक कपास उत्पादक राज्य गुजरात में सूत के स्पिनरों को 30-40 रुपए प्रति किलोग्राम की नकद हानि हुई है। गुजरात स्पिनर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रिपल पटेल कहते हैं, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतों में वृद्धि और कम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग कताई मिलों को चिंतित कर रही है। हम खुश हैं कि किसानों को उनकी उपज के लिए उच्च मूल्य मिल रहा है, हम आशा करते हैं कि इनपुट लागत में मूल्य वृद्धि को आगे की ओर वितरित किया जाएगा। अकेले स्पिनर कीमतों में वृद्धि का बोझ नहीं उठा सकते। सरकार ने अप्रैल में कपास पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क हटाकर इस क्षेत्र को समर्थन देने की कोशिश की है। इस कदम का उद्देश्य घरेलू कमी को दूर करने के लिए भारत के बाहर के बाजारों से खरीदारी को प्रोत्साहित करना था। हालांकि, वैश्विक जिंस बाजार को डर है कि कपास का शीर्ष निर्यातक भारत निर्यात पर प्रतिबंध लगा सकता है और जिससे कीमतों में और उछाल आया है। व्यापारियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने कपास का स्टॉक करना शुरू कर दिया है और बाजार में कमी पैदा कर रही है। जिससे कीमत हाल के महीनों में 37,000 रुपये से 45,000 रुपए प्रति कैंडी से बढ़कर 97,000 रुपए 1,04,000 रुपए हो गई है। गौरतलब है कि कपास से लेकर कपड़े के उत्पादन तक जिस तरह उद्योग आर्थिक रूप से जूझ रहा है इसका असर जल्द ही उपभोक्ताओं पड़ सकता है।

### कंपुनियों ने सामनों के रेट नहीं बढ़ाए, बल्कि पैकेट वजन कम कर दिया

नई दिल्ली (ईएमएस)। लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच बहुत सारी कंपनियों ने अपने पैकेट्स के दाम नहीं बढ़ाए,लेकिन उन्होंने पैकेट्स में आने वाले सामान को कम कर दिया है। भुजिया हो या फिर साबुन, वहां तमाम चीजें जिन्हें आप रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल करते हैं, सभी में यही खेल कंपनियों ने किया है। इनके पैकेट या पैक हल्के होने के पीछे वजह महंगाई ही है, लेकिन अपने प्रॉडक्ट्स की डिमांड बरकरार रखने के लिए लगभग सभी कंपनियों ने यही रणनीति अपना रही है। पैक हल्का होने पर ग्राहक को महंगाई एक झटके में महसूस नहीं होती, जबकि रेट बढ़ा देने से महंगाई साफ दिखने लगती है और ये भी संभव है कि ग्राहक वह सामान खरीदना ही बंद कर दे। कंपनियां फिक्स्ड-प्राइस आइटम के वजन को कम करके हाई इनपुट प्राइस यानी उच्च लागत मूल्य को संतुलित कर रहीं हैं। उन्होंने कम आय वाले और ग्रामीण क्षेत्र के कस्टमर्स को ध्यान में रखते हुए इन प्रोडक्टर्स की कीमत बढ़ाने के बदले आकार या वजन कम करने का फंडा अपनाया है। खाद्य तेलों, अनाज और ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच यूनिलीवर पीएलसी की भारतीय इकाई और घरेलू कंज्यूमर गुड्स कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड, डाबर इंडिया लिमिटेड सहित अन्य कंपनियां अपने सबसे सस्ते पैकेजों को हल्का कर रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कंपनियों की ओर से पैकेट का वजन कम करना भारत के लिए कोई नई बात नहीं है।

# कुब्रा सैत ने कंगना रणौत पर साधा निशाना



किसान आंदोलन को लेकर हॉलीवुड की पॉप स्टार रिहाना के ट्वीट के बाद कंगना ने भी उन्हें जवाब दिया है। इसके बाद से ही कंगना एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। कंगना ने रिहाना को जैसे ही जवाब दिया, इसके बाद से सोशल मीडिया पर मीम्स की भी बाढ़ आ गई। इसके अलावा अलग- अलग तरह से लोग प्रतिक्रिया देने लगे। इसी बीच सेक्रेड गेम्स फेम अभिनेत्री कुब्रा सैत ने भी कंगना रणौत पर तंज कसा है। कंगना ने रिहाना को अपने अंदाज में जवाब दिया। लेकिन उनके ही साथी कलाकारों को उनकी ये तल्ख टिप्पणी पसंद नहीं आई। जिसके लिए उन्होंने कंगना का विरोध किया है। इन सेलेब्स में अभिनेत्री कुब्रा सैत का नाम भी शामिल है। कुब्रा सैत ने कंगना का नाम लिए बिना ही उनके ऊपर तंज कसा है। कुब्रा ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट के जरिए कंगना नाम लिए बिना उन पर तंज कसा। कुब्रा ने अपने ट्वीट में लिखा, चीन चीन बुला बुला के बेड़ा गर्क कर दिया है! कुब्रा के इस ट्वीट में कंगना का नाम तो नहीं है लेकिन उन्होंने इसमें चीन लिखा है और कंगना को ही चीन कहकर संबोधित किया जाता है। ऐसे में कुब्रा का ये ट्वीट कंगना पर तंज ही माना जा रहा है। कंगना ने रिहाना के ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा था, कोई भी बात इसलिए नहीं कर रहा है क्योंकि ये किसान नहीं, आतंकवादी हैं।

## चूहा बिल्ली में दो-ध्रुवीय किरदार निभाएंगी अदा शर्मा



अदा शर्मा अब चूहा बिल्ली नाम की एक फिल्म में दिखाई देंगी, जिसमें वह दो-ध्रुवीय और डिप्रेशन की शिकार लड़की का किरदार निभाएंगी। अदा ने बताया, चूहा बिल्ली में मैं एक ऐसी लड़की की भूमिका निभा रही हूं, जो बायपोलर है। वह डिप्रेशन में है और वह इसका अच्छी तरह से सामना नहीं कर पा रही है। मैं इस कैरेक्टर से बिल्कुल अलग हूं और इसीलिए इस कैरेक्टर ने मुझे आकर्षित किया। हमने फिल्म के लिए बहुत सारी वर्कशॉप कीं। उन्होंने कहा कि फिल्म के निर्देशक प्रसाद कदम चाहते थे कि मुझमें यह बदलाव हर कुछ सेंकेंड में नजर आए। अदा ने कहा, यानी कि वह कैरेक्टर कभी बहुत उत्साहित है और कुछ ही सेकंड में बहुत दुखी हो जाती है। वह चाहते थे कि यह बदलाव बहुत सूक्ष्म हो इसलिए यह सब कुछ आंखों में ही नजर आ जाएगा। मैं लोगों के फिल्म देखने तक का इंतजार नहीं कर पा रही हूं। मैंने अब तक जो भी भूमिकाएं निभाई हैं, यह उससे बहुत अलग है।

## कॉमेडी नहीं, बल्कि ड्रामा में हूं माहिर : शरमन जोशी



अभिनेता शरमन जोशी अपने फिल्मी करियर में एक्सक्यूज मी, रंग दे बसंती, गोलमाल सीरीज और 3 इडियट्स जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग से लोगों को खूब हंसाया है। अब ऐसे में शरमन का यह कहना कि एक कलाकार के तौर पर वह कॉमेडी में नहीं बल्कि ड्रामा में माहिर है, वाकई में हैरान कर देने वाला है। शरमन ने कहा, मुझे लगता है कि ड्रामा मुझमें स्वाभाविक रूप से है। मैं इसे अधिक सहजता के साथ कर लेता हूं। कॉलेज के नाटकों से जब मैंने एक्टिंग की शुरुआत की थी, तो मैं इसमें काफी सहज था। मुझे इसे अधिक समझना या सीखना नहीं पड़ा। कॉमेडी की जगह यह मुझे अधिक सही ढंग से करने आया। उन्होंने आगे बताया, मैं कॉमेडी में भी अच्छा था, लेकिन मुझे इसकी बारीकियां सीखनी पड़ीं। थिएटर के अपने अनुभव के साथ मुझे इन बारीकियों पर काम करने का भरपूर मौका भी मिला।

# रानी मुखर्जी नहीं चाहती थीं इस फिल्म में काम करना



संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक को रिलीज हुए आज 16 साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और रानी मुखर्जी ने अभिनय किया है। बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने वाली रानी मुखर्जी ने यह कहकर चौंका दिया है कि पहले वे यह भूमिका निभाने के लिए तैयार नहीं थीं। दिव्यांग लड़की मिशेल मैकनेली का रोल निभाने वाली रानी ने कहा, जब संजय ने मुझे यह रोल ऑफर किया तो मैं इसे करने के लिए तैयार नहीं थी। इसके पीछे की वजह फिल्म या किरदार को लेकर कोई संदेह नहीं था, क्योंकि उनके साथ काम करना हर अभिनेता का सपना होता है। मैं भी यह मौका पाकर खुश थी लेकिन एक अभिनेता के तौर पर मुझे भरोसा नहीं था कि मैं ये काम कर पाऊंगी। मैंने इस बारे में संजय से चर्चा भी की, क्योंकि यह बहुत ही मुश्किल रोल था। मैं पहले इस रोल को लेकर बहुत डरी हुई थी।

रानी ने आगे कहा, जब उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मैं ये किरदार निभा लूंगी और वो मुझे हर कदम पर इसके लिए मार्गदर्शन देंगे, तब मुझमें इसे लेकर आत्मविश्वास जागा। संजय ने अपना वादा पूरा किया। मुझे गहन प्रशिक्षण दिया गया। मैंने साइन लैंग्वेज सीखी। ऐसे लोगों के साथ मैंने 6 महीने तक बातचीत की और उनकी जिंदगी को करीब से देखा, तब कहीं जाकर मैं मिशेल का किरदार निभाने के लिए सक्षम हो पाई। इस फिल्म को देखने के बाद दिलीप कुमार ने उनके अभिनय की सराहना की। रानी ने बताया, दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार ने फिल्म देखने के बाद मुझे एप्रीसिएशन लेटर भेजा। मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में मिली तारीफों में ये मेरे लिए सबसे अहम है कि उन जैसे दिग्गज अभिनेता ने मेरी सराहना की।



## छवि बदल रहे टीपू

यूपी विधानसभा चुनाव के बाद सपा में मुस्लिम नेताओं का अखिलेश के प्रति जो रवैया बाहर आया, उसकी तस्वीर अब साफ होने लगी है। सपा के कई मुस्लिम नेताओं ने अखिलेश पर मुसलमान विरोधी होने का आरोप लगाया है। कहा जा रहा है कि अखिलेश अब सॉफ्ट हिंदुत्व की राजनीति पर आगे बढ़ना चाहते है। इस रणनीति के तहत यूपी चुनाव में उन्हें फायदा भी मिला है। अब अखिलेश की सॉफ्ट हिंदुत्व की छवि का बड़ा उदाहरण सामने आया है। रमजान के माह में सपा ने अपनी कार्यशैली को बदलते हुए आधिकारिक रूप से इफ्तार पार्टी का आयोजन नहीं किया। अखिलेश सपा के दूसरे नेताओं की ओर से आयोजित पार्टियों में गए लेकिन जालीदार टोपी से परहेज किया। अब इसके मायने भी तलाशे जा रहे हैं। दरअसल, कोरोना महामारी से पहले सपा हर साल इफ्तार पार्टी का आयोजन करती रही है। मुलायम सिंह यादव के दौर से चली आ रही परंपरा को अखिलेश भी बखूभी निभाते रहे। लेकिन कोरोना महामारी में इसका आयोजन नहीं हो पाया। इस संक्रमण के काबू में होने की वजह से उम्मीद की जा रही थी कि मुसलमानों के एकतरफा वोट पाने वाले अखिलेश यादव समुदाय के लिए शानदार इफ्तार का आयोजन करेंगे। लेकिन लोग इंतजार ही करते रह गए। हां, पार्टी के कुछ नेताओं की ओर से आयोजित इफ्तार में अखिलेश यादव ने शिरकत जरूर की। इफ्तार पार्टियों में अखिलेश के लिबास ने भी सबका ध्यान खींचा और पहले की तस्वीरों से तुलना की जा रही है। 2017 तक इफ्तार में वह जालीदार टोपी और परंपरागत इस्लामिक परिधान में दिखते थे, लेकिन इस बार सपा की लाल टोपी पहने ही नजर आए। अब इस बात को लेकर खूब चर्चा है कि आखिर अखिलेश ने इफ्तार से क्यों परहेज किया? अखिलेश ने किसी मजबूरी के तहत नहीं बल्कि सोची-समझी रणनीति के तहत इफ्तार से परहेज किया है। कहा जा रहा है कि परिस्थितिवश यूपी में इस समय मुसलमानों के लिए एकमात्र विकल्प बन चुके अखिलेश अपनी छवि को लेकर बेहद सतर्क हैं। माना जा रहा है कि हिंदुत्ववादी भाजपा से लड़ रहे अखिलेश यादव को मुस्लिम परस्त छवि बनाए जाने का डर है और इस वजह से वह फूंक-फूंककर कदम रख रहे हैं। सपा अध्यक्ष को एक तरफ तो प्रो-मुस्लिम दिखने पर ध्रुवीकरण का डर सता रहा है। कथित सेक्युलर पार्टियों के नेता अब मंदिरों में जाते हुए दिखते हैं और पूजा-पाठ का सार्वजनिक प्रदर्शन करते हैं। इसके जरिए वह दिखाने की कोशिश करते हैं कि हम गैर हिंदू या मुस्लिम परस्त नहीं हैं। पिछले कुछ सालों के चुनावों को देखकर एक समझ बनी है कि सिर्फ मुसलमानों और या जाति विशेष के वोट के दम पर ही सरकार नहीं बनाई जा सकती है। सत्ता में आने के लिए सभी वर्गों खासकर बहुसंख्यक हिंदुओं के एक बड़े वर्ग के समर्थन की आवश्यकता है। कांग्रेस और राहुल गांधी की तरह अखिलेश यादव भी सॉफ्ट हिंदुत्व का सहारा लेते दिख सकते हैं, जिसकी शुरुआत उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान ही अयोध्या और हनुमानगढ़ी जाकर कर दी थी।

# 75 साल की आजादी और हिजाब प्रकरण: हाशिए पर चले गए हैं रोजगार और शिक्षा के मुद्दे

डॉ. नाज़ परवीन

**सार:** आजादी के 75 साल बाद भी मुस्लिम लड़कियों की शिक्षा और रोजगार में भागीदारी आज भी हाशिए पर ही है, हालांकि हमारे समाज में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जिनमें महिलाओं ने घूंघट और बुर्के की हदें लांघी हैं और अपनी परम्पराओं में रचबस कर कई कीर्तिमान भी हासिल किए हैं।

**विस्तार:** वर्तमान समय में देश के युवाओं को सबसे अहम जरूरत शिक्षा और रोजगार की है। जिसपर विचार-विमर्श होना चाहिए। नए-नए रास्ते खोजने की जरूरत है लेकिन पिछले कुछ दिनों से शिक्षण संस्थानों और छात्रों के मध्य छिड़ा हिजाब का विवाद चिंता का विषय है। भारत के शिक्षण संस्थान दुनिया के सुनहरे भविष्य की पौधशाला हैं जिनमें पढ़े बच्चे आज दुनिया में अपना परचम लहरा रहे हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं है, ऐसे में हिजाब पर छिड़ी बहस हम सभी के लिए किसी समस्या से कम नहीं है जिसका पुख़्ता हल समाज, सरकार और न्यायालयों को मिलकर खोजने होंगे। ताकि देश की युवा शक्ति की ऊर्जा को सही दिशा में लगाया जा सके। हमारी एक छोटी सी गलती से एक पूरी पीढ़ी खतरे में पड़ सकती है।

**और भी मुद्दे हैं जिन्हें समझना होगा-:** आजादी के 75वें साल में दुनिया के शिक्षाविदों और समाजचिन्तकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती इस बात की भी रहने वाली है कि कहीं लड़कियों का एक बड़ा हिस्सा जो शिक्षा के अधिकार लिए अभी भी जद्दोजहद से जूझ रहा है, अपने सपनों की उड़ान भरने से पहले ही अपने कदम वापस न ले ले।

मुझे याद है बचपन में हमारे पड़ोस में एक दादी रहती थीं, जो अकसर लड़कियों को कहा करती थी कि- लड़कियों मुंड (सर) झुकाकर पढ़ लो और नौकरी करके ही शादी- ब्याह कराना। ये उनका तकिया कलाम बन चुका था हम जब उनसे पूछते की आपने पढ़ाई क्यों न की तो वो हमें अपनी कहानी सुनाती कि जब मैं छोटी थी तो पढ़ने का बड़ा शौक था। स्कूल भी जाती थी। जब हम कक्षा तीन में थे तब एक लड़की जो किसी और क्लास की थी मुंबई चली गई हीरोइन बनने, उस लड़की का तो पता नहीं हीरोइन बनी या न बनी। लेकिन हमें और हमारी जैसी कई लड़कियों के घर वालों ने स्कूल जाना बंद करा दिया। घर पर रहकर ही हमनें थोड़ा बहुत लिखना- पढ़ना सीखा।

मुझे याद है वो दादी कभी किसी कागजात पर अंगूठा नहीं लगाती थीं। हमेशा सिग्नेचर करती। उन्हें अखबार पढ़ने का शौक ऐसा था कि खुद भी अखबार पढ़ने में जूझती और जो न समझ आता वो इधर-उधर से बच्चों से पढ़वाया करती। उनकी शिक्षा अधूरी रह गई तो वो हर लड़की को पढ़ने के लिए प्रेरित करतीं। आज के इस हिजाब और गमछे से उठते विवाद ने मुझे वो दादी अनायास याद दिला दी जो कहीं इस भीड़ के इतर खड़ी कई लड़कियों में न हों। शिक्षा पर सबका अधिकार है। हम विश्व गुरु तब ही बन पाएंगे जब हमारी आधी आबादी सुरक्षित और शिक्षित होगी।

**भारत की सांझी विरासत में पर्दे का विशेष महत्व रहा है:** हमने गांव में दादी-नानियों से अक्सर सुना है कि उन्होंने चौराहे पर रखे पत्थरों को घूंघट ओढ़ा है क्योंकि कभी उनके पूर्वज उन पत्थरों पर बैठा करते थे। बरसों बरस वो पत्थर ही उनके पूर्वज की याद बन जिंदा रहे। पर्दा हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा रहा है कहीं वो घूंघट के तौर पर किया जाता था कहीं हिजाब के तौर पर।

निःसंदेह इसके पसंद न पसंद का अधिकार केवल उस महिला को होना चाहिए जिसनें उस संस्कृति की परंपराओं को चुना है। पुरुषों की प्रधानता को यह अधिकार नहीं होना चाहिए की वे उन पर जबरदस्ती पर्दा थोपे और न ही अपनी



इच्छा से पर्दा करने वाली किसी महिला को बेपर्दा करें। निःसंदेह स्कूल, कॉलेज प्रशासन को अधिकार है कि वो अपने स्कूल, कॉलेज के लिए बेहतर नियम बना सकते हैं और बनाएं भी अपितु सारे नियमों से ऊपर भारत का संविधान है जो प्रत्येक भारतीय नागरिक को चाहे वो महिला हो या पुरुष समानता और स्वतंत्रता का बराबर अधिकार देता है।

इसी अधिकार के तहत हर भारतीय को धार्मिक स्वतंत्रता का भी अधिकार दिया गया है। भारत की ज्यादातर महिलाएं बुर्का नहीं पहनती और न ही हिजाब पहनती हैं। और वहीं भारत की ज्यादातर महिलाएं चाहें वो किसी भी धर्म की हों गर्मियों में अक्सर धूप से सुरक्षा के लिए एक कपड़ा जो हिजाब की तरह ही होता है अपने फेस को कवर करती हैं, यहां तक की कोरोना काल में खुद हमारे प्रधानमंत्री जी ने लोगों को गमछा लपेटने की सलाह दी थी यदि उनके पास मास्क नहीं हो तो।

इस लिहाज से सार्वजनिक क्षेत्र पर संभवतः हिजाब से किसी को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। यह महिलाओं का अपना व्यक्तिगत चुनाव होना चाहिए न की उनपर किसी भी बंदिश का थोपा जाना। जहां तक स्कूल में लड़कियों के हिजाब पहनने न पहनने के मुद्दे का सवाल है तो स्कूल प्रशासन और सरकार को मिलकर कोई ऐसा बीच का रास्ता निकालना होगा जिससे बच्चियों के भविष्य से खिलवाड़ न हो सके।

**संविधान ने दिए हैं हमें कई अधिकार:** हम आजाद भारत के निवासी हैं। हमारा संविधान एक खूबसूरत दस्तावेज़ है। उसमें वर्णित मौलिक अधिकार आर्टिकल 15 (1) के मुताबिक राज्य किसी भी नागरिक के साथ जाति, धर्म, लिंग, जन्म स्थान और वंश के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकता। साथ ही अनुच्छेद 15 के दूसरे क्लॉज के मुताबिक, किसी भी भारतीय नागरिक को धर्म, लिंग, जाति,जन्म स्थान और वंश के आधार पर दुकानों, होटलों, सार्वजानिक भोजनालयों, सार्वजानिक मनोरंजन स्थलों, कुओं, स्नान घाटों, तालाबों, सड़कों, और पब्लिक रिजॉर्ट्स में घुसने से नहीं रोका जा सकता। हर भारतीय नागरिक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अनुच्छेद 19 (1) के तहत संरक्षित है। हम सब जानते हैं कि हमारा संविधान हमें आर्टिकल 25-28 धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है। जो निश्चित रूप से किसी भी भारतीय के साथ होने वाले न्याय का सूचक है।

आज कला, विज्ञान, खेल, शिक्षा, राजनीति हर क्षेत्र में महिलाओं ने यह साबित किया है कि वो पुरुषवादी समाज में कमतर नहीं हैं लेकिन इतना सब कुछ करने के बाद भी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व बहुत ही कम है। चाहे वो संसद में हों या सड़क में, किसी चाय की दुकान में हों या किसी आलीशान दफ्तर में। वे अब भी पिछड़ी हुई हैं और उनमें हर समाज की महिला है क्योंकि वो सबसे पहले एक महिला है जिसे अपने हिस्से का समाज खुद ही तैयार करना होता है।

## संत का धन

उन दिनों विजय नगर में संत पुरंदर की ख्याति बढ़ती ही जा रही थी। हर प्रकार के मोह-माया से मुक्त त्यागमूर्ति पुरंदर अपनी पत्नी के साथ नगर से बाहर एक कुटिया में रहते थे और भिक्षा मांग कर गुजारा करते थे। उनके नाम की चर्चा उड़ते-उड़ते राजा कृष्णदेव राय तक भी पहुंची। उन्हें लगा कि उन्हें संत के लिए कुछ करना चाहिए। एक दिन उन्होंने तेनालीराम से कहा- जाओ संत पुरंदर से कहो कि वे भिक्षा के लिए दर-दर न भटकें और केवल राजमहल से भिक्षा लिया करें। राजा ने इसी बहाने उनकी दरिदता दूर करने का उपय सोच लिया था। अब संत रोज राजमहल आने लगे। उन्हें भिक्षा में अनाज के साथ छोटे-मोटे कीमती पत्थर भी दिए जाते थे। राजा को लगता था कि संत के पास जल्दी ही अच्छी-खासी संपत्ति जमा हो जाएगी। पर मन में सवाल भी उठता था कि आखिर ये कैसे संत हैं जो ये कीमती रत्न स्वीकार कर रहे हैं। कहीं ये संत होने का ढोंग तो नहीं कर रहे। एक दिन राजा और तेनालीराम भेस बदलकर संत की कुटिया में पहुंचे। राज को देखकर हैरत हुई कि संत की कुटिया में कोई बदलाव नहीं आया था। उनकी पत्नी चावल बीनते हुए बुदबुदा रही थीं कि पता नहीं कहां से कंकड़-पत्थर आ जाते हैं। राजा ने चावल हाथ में लेकर कहा-पर ये तो हीरे-मोती हैं। इनसे आपकी दरिदता दूर हो सकती थी। संत की पत्नी ने कहा-हमारे लिए तो ये कंकड़-पत्थर ही हैं। धन और विनम्रता ही हमारा धन है। यह सुनकर राजा लज्जित हो गए। उन्होंने संत और उनकी पत्नी से क्षमा मांगी।

## बेटियों को आत्मनिर्भर बनाती शिवराज सरकार

निलय श्रीवास्तव

मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां बालिकाओं के शैक्षणिक विकास तथा महिलाओं के सम्मान के लिये अनेक योजनाएं तथा कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस दिशा में वर्ष 2007 में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली लक्ष्मी योजना की अभिनव पहल की थी। उनके अथक प्रयासों से इस योजना को क्रियान्वित किया गया। लम्बे अंतराल के बाद इसके सुखद तथा आश्चर्यजनक परिणाम सामने आये हैं। सबसे अहम यह है कि लिंगानुपात में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चाहते हैं कि बेटियां खूब पढ़ें और आगे बढ़ें। उनके शब्दों में बेटियों के बारे में समाज में पायी जाने वाली नकारात्मक सोच, लड़कों के मुकाबले उनकी कम होती संख्या मुझे हमेशा से कचोटती और झकझोरती रही है। बेटियों के लिये कुछ सकारात्मक करने की तड़प मेरे मन में सदा से रही है। सौभाग्य से प्रदेश की बेटियों के लिए कुछ करने का अवसर मुझे मुख्यमंत्री बनने के बाद मिला। मैंने बिना देरी किए बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित बनाने वाली योजनाएं बनाने का निश्चय किया। मेरे इस निश्चय के परिणामस्वरूप बनी योजनाओं में से एक है लाडली लक्ष्मी योजना। इस योजना से हम समाज का नजरिया बदलने में सफल रहे हैं। मेरा संकल्प है कि प्रदेश की बेटियां सशक्त होकर आगे बढ़ें। आज प्रदेश में बयालिस लाख से अधिक लाडली लक्ष्मी बेटियां हैं। मैं चाहता हूं कि मेरी बेटियां प्रशासनिक अधिकारी, डाक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, प्राध्यापक बने और हमारे प्रदेश का नाम रोशन करें। लाडली लक्ष्मी योजना को लागू किए डेढ़ दशक से अधिक का समय बीत चुका है। इस योजना का लाभ लेकर हजारों बेसहारा निर्धन कन्याएं स्वावलम्बी बन गयीं। अनेकों शादी कर अपना



घर बसा चुकी हैं। लाडली लक्ष्मी योजना को मध्यप्रदेश में सफलता मिलते देख देश के कई राज्य इसका अनुसरण कर रहे हैं। दिल्ली, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, गोवा राज्यों ने लाड़ली लक्ष्मी योजना को लागू किया है। मध्यप्रदेश में लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ अधिक से अधिक बालिकाओं को मिले इसे ध्येय बनाकर सरकार ने अनेक योजनायें बनाई हैं। प्रदेश में अब हर वर्ष 2 से 12 मई तक लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जाएगा। साथ ही यह भी निर्धारित किया गया कि ऐसी ग्राम पंचायत जहां लाडलियों का सम्मान हो, बाल विवाह न हो, स्कूलों में शत प्रतिशत प्रवेश हो तथा कोई लाड़ली कुपोषित न हो, उस ग्राम पंचायत को मध्यप्रदेश सरकार लाड़ली लक्ष्मी पंचायत का पुरस्कार प्रदान करेगी। विगत 8 मई को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में लाडली लक्ष्मी योजना पर केंद्रित एक गरिमामय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली लक्ष्मी योजना-2 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की, अब आईआईटी, आईआईएम सहित अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई के लिये लाड़ली लक्ष्मी की पूरी फीस सरकार भरेगी। कालेज में प्रवेश करने पर साढ़े बारह हजार रुपए अलग से दिए जाएंगे। मध्यप्रदेश में 52 जिलों के 313 विकासखंडों के 52,117 गांवों में योजना के तहत अब तक 42 लाख से अधिक बालिकाओं का पंजीयन किया जा चुका है। लाडली लक्ष्मी योजना निधि में 10,654 करोड़ रुपयों की राशि जमा की गई हैं। जरूरतमंद बालिकाओं के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लाडली लक्ष्मी ई-संवाद ऐप का लोकार्पण भी किया गया है। इस ऐप के माध्यम से बालिकाएं सीधे मुख्यमंत्री से बात कर सकती हैं। यह अभिनव प्रयोग मध्यप्रदेश में ही संभव हुआ है। लाडली लक्ष्मी योजना की सफलता का प्रमाण स्पष्ट है कि वर्तमान में मध्यप्रदेश में एक हजार बेटों पर 956 बेटियां जन्म ले रही हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ये आंकड़ा बराबरी पर लाने के लिए प्रयासरत हैं। आज जबकि बदलते सामाजिक परिवेश के साथ बेटियों के प्रति लोगों का दृष्टिकोण भी बदल रहा है। यही वजह है कि अनेक क्षेत्र ऐसे हैं जहां बालिकाओं ने अपना वर्चस्व स्थापित किया है। हाल ही में आए कुछ प्रतियोगी परिक्षाओं के परिणाम और अनेक खेल आयोजनों में बेटियों ने अपना परचम लहराया है। ऐसे में यदि उन्हें कुछ सरकारी योजनाओं का लाभ मिले तो वे अपने पैरों पर खड़ी होकर दिखला सकती हैं।

# जैतून के तेल के फायदे और नुकसान

### सूडोकु नवताल- 6071

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6070 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

यह जैतुन तेल (जैतून का तेल) था। अगर आपने जैतुन के बारे में पहले नहीं सुना है, तो ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्हें आमतौर पर ओलिव के नाम से जाना जाता है। वे छोटे फल हैं जो पेड़ों पर उगते हैं। वे आकार में गोल होते हैं और रंग में इतने भिन्न होते हैं कि उनके नाम पर एक रंग होता है (जैतून हरा)।

ज़ैतून अँग्रेजी नाम ओलिव (श्द्मद्ब1द्), वानस्पतिक नाम %ओलेआ एउरोपैआ%, प्रजाति ओलिया, जाति थूरोपिया; कुल ओलियेसी; एक वृक्ष है, जिसका उत्पत्तिस्थान पश्चिम एशिया है।

स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। जैतून के तेल के फायदेको लेकर हाल के कुछ सालों में कई शोध किये गए और उनमें ऑलिव ऑयल को सेहत के लिए काफी गुणकारी बताया गया है। यह दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे को कम करने के साथ साथ त्वचा और बालों के लिए भी काफी लाभकारी है। ऑलिव ऑयल जैतून के फलों से बनाया जाता है

अभी तक अपने देश में खाना पकाने के लिए सरसों के तेल का इस्तेमाल सबसे ज्यादा होता था लेकिन हाल के कुछ सालों से ऑलिव ऑयल के फायदों को देखते हुए अब कई लोग खाना पकाने और त्वचा के लिए ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करने लगे हैं। खासतौर पर दिल की बीमारियों से और डायबिटीज से पीड़ित मरीजों की यह पहली पसंद है। इसके अलावा बच्चों की मालिश के लिए जैतून का तेल का प्रयोग करना बहुत प्रचलित है और कई डॉक्टर भी इसी तेल से बच्चों की मालिश की सलाह देते हैं। यह हड्डियों की मजबूती बनाये रखता है और इससे बच्चों की त्वचा मुलायम रहती है।

**पोषक तत्व =**

ऑलिव ऑयल में विटामिन ए, डी, ई और के पाया जाता है। इसके अलावा ऑलिव ऑयल में एंटीऑक्सीडेंट की भी भरमार होती है। इसमें मुख्य रुप से पालीफेनोल, विटामिन ई, सायटोस्टेरोल, टायरोसोल, ओलियोकैंथोल आदि सक्रिय एंटीऑक्सीडेंट के रुप में पाए जाते हैं।

**औषधीय गुण =**

ऑलिव ऑयल सेहत को कई तरीकों से फायदा पहुंचाता है। ऑलिव ऑयल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट इन्फ्लेमेशन को कम करते हैं। इसमें मौजूद पालीफेनोल, विटामिन ई और सायटोस्टेरोल कोशिकाओं को नष्ट होने से बचाते हैं। वहीं विटामिन ई बढ़ती उम्र के असर को कम करती है और हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणों से त्वचा कोशिकाओं को बचाती है।

**सेवन का तरीका**

लोगों को ऑलिव ऑयल के फायदे तो पता हैं लेकिन कई लोग इस दुविधा में रहते हैं कि आखिर ऑलिव ऑयल का सेवन कैसे करें? । वास्तव में जैतून के तेल (ऑलिव ऑयल) का उपयोग दो तरीकों से किया जाता है। पहला आप इन्हें अपने डाइट में शामिल कर सकते हैं और दूसरा आप इस तेल को त्वचा या बालों पर लगा सकते हैं।

**आंतरिक उपयोग)=**

रोजाना 25-30 द्द्य या आवश्यकतानुसार ऑलिव ऑयल का सेवन उपयुक्त माना जाता है।

कैप्सूल के रुप में अगर ऑलिव ऑयल का सेवन कर रहे हैं तो एक दिन में एक से दो कैप्सूल का सेवन लंच और डिनर के बाद गुनगुने पानी के साथ करें।

वाह्य उपयोग

**अगर आप चेहरे पर ऑलिव ऑयल** लगा रहे हैं तो इसकी कुछ मात्रा को नारियल तेल या किसी अन्य माश्चराइजर क्रीम में मिलाकर हफ्ते में दो से तीन बार लगाएं।

ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल बालों के लिए कर रहे हैं तो रात में सोते समय बालों में ऑलिव ऑयल लगाएं और अगली सुबह किसी हर्बल शैम्पू से बालों को धों लें। बेहतरीन परिणाम के लिए हफ्ते में दो बार इसे प्रयोग करें।

अगर आप दर्द से आराम पाने के लिए जैतून के तेल का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो तेल को हल्का गुनगुना करें और दर्द वाली जगह पर इससे मालिश करें। इससे दर्द से जल्दी आराम मिलता है। ऑलिव ऑयल भी कई प्रकार के होते हैं, जिनमें एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल, वर्जिन ऑलिव ऑयल, रिफाइंड ऑलिव ऑयल और पोमेस ऑलिव ऑयल प्रमुख हैं। एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल खाने के लिए सबसे शुद्ध ऑलिव ऑयल माना जाता है। इसमें एसिडिटी लेवल बाकी ऑलिव ऑयल की तुलना में सबसे कम होता है। ध्यान रखें कि सभी ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल आप खाना बनाने में नहीं कर सकते हैं। एक्स्ट्रा वर्जिन ऑयल का उपयोग आप सलाद में ड्रेसिंग के तौर पर और सब्जियों को तलने में कर सकते हैं जबकि वर्जिन ऑलिव ऑयल का उपयोग आप धीमी आंच पर कोई भी डिश बनाने में कर सकते हैं।

## अग्निकांडों से बचाव की तरकीब

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

पिछले चार साल में दिल्ली में आगजनी की भयंकर घटनाएं हुई हैं। लेकिन न तो जनता ने कोई सबक सीखा और न ही सरकारों ने कोई मुस्तैदी दिखाई। इसीलिए दिल्ली के मुंडका क्षेत्र में जबर्दस्त लोमहर्षक अग्निकांड हो गया है। एक चार मंजिला भवन में कुछ कंपनियों के दफ्तर चल रहे थे। वहां न तो कोई कारखाना था और न ही कोई भट्टी या चूल्हा था। शायद बिजली की खराबी से आग लगी। लगभग 30 लाशें तो कल ही मिल गई थीं और 30 से भी ज्यादा लोग अभी तक लापता हैं। जो लाशें मिली हैं, वे इस बुरी तरह जल गई हैं कि उन्हें पहचानना भी मुश्किल है। कई लोग खिड़कियों से कूदे तो उनके हाथ पावं टूट गए, कुछ लोग अपने अधजले शरीरों के साथ बाहर भागे और कुछ लोग उस भवन से इसलिए बाहर नहीं भाग पाए कि नीचे उतरने के लिए सिर्फ एक ही संकरी सीढ़ी थी। उस सीढ़ी पर भयंकर धकापेल थी और धुएं व आग ने उन्हें बिल्कुल बेकार बना दिया था। दिल्ली और केंद्र की सरकार ने हताहतों को काफी मुआवजे की घोषणा कर दी है लेकिन क्या किसी की जान को रूपयों से तोला जा सकता है? दिल्ली में ही नहीं, देश के हर शहर में आजकल ऊँचे-ऊँचे भवनों का निर्माण हो रहा है। हर ऊँचा भवन खतरे की घंटी बजाता रहता है। उसमें कभी भी आग लग सकती है और उसका कारण कुछ भी हो सकता है। सरकारों ने ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कानून-कायदे जरुर बनाए हैं लेकिन उन्हें लागू करने में सर्वत्र ढिलाई देखी जाती है। भवन-निर्माता लोग सुरक्षा प्रमाण-पत्र आसानी से हथिया लेते हैं। जब आग लग जाती है, तब मालूम पड़ता है कि वह सुरक्षा पत्र उन्हें रिश्वत के बदले मिला है। अग्नि सुरक्षा से संबंधित सभी अफसरों और कर्मचारियों को इस तरह के अग्निकांड होने पर जिम्मेदार क्यों नहीं ठहराया जाता? जब-जब इस तरह के अग्निकांड होते हैं तो हमारी फायर ब्रिगेड के कर्मचारी अपनी जान पर खेलकर नागरिकों की सुरक्षा करते हैं। उनकी बहादुरी सराहनीय है। इसी प्रकार आस-पास रहनेवाले नागरिक भी अग्निपीड़ितों को बचाने की भरपूर कोशिश करते हैं। वे सीढ़ियां लगा देते हैं, ऊपर से कूदनेवालों के लिए नीचे तिरपाल थामे रहते हैं, जलते हुए भवन में अंदर घुसकर हताहतों को बाहर निकाल लाते हैं लेकिन दुर्भाग्य है कि अभी तक किसी सरकारी या गैर-सरकारी संगठन ने अग्निकांड से बचाव का ऐसा इंतजाम नहीं खोजा है कि जिससे सैकड़ों लोगों की जान तुरंत बचाई जा सके।

# गुरु कृपा से मिलती है वैचारिक और मानसिक पवित्रताः आराधना

### -आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता रविशंकर के जन्मदिवस पर भजन संध्या संपन्न

**अम्बाह।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक प्रणेता अध्यात्म गुरु श्री श्री रविशंकर महाराज जी के जन्मोत्सव पर भजन संध्या का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग की डिस्टिक कोऑर्डिनेटर आराधना दीदी के संयोजन में सम्पन्न हुआ। जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ म्यूजिकल ग्रुप डिवाइन एंजेल द्वारा प्रस्तुत आध्यात्मिक संगीत पर गुरु ध्यान और गुरु पूजन से हुआ। इस अवसर पर गुरुवर श्री श्री का संदेश देते हुए आराधना दीदी ने कहा कि गुरुजी के साथ हम सबका संबंध उतना ही गहरा हो सकता है, जितना गहरा संबंध हमारा गुरु प्रदत ध्यान साधन और सुदर्शन क्रिया से है। जो निरंतर मेडिटेशन और सुदर्शन क्रिया करते हैं वह मानसिक और वैचारिक रूप से पवित्र होते जाते हैं और पवित्र आत्मा से श्री श्री जी का सीधा आत्मिक संबंध होता है। ऐसे लोगों पर गुरु कृपा बिना कहे बिना मांगे बरसती है। इसलिए गुरु जी की कृपा को पाने के लिए उनके बताए मार्ग पर निसंकोच चलना होगा। उन्होंने आगे बताया कि यह अत्यंत खुशी का अवसर है जब हम आर्ट ऑफ लिविंग की स्थापना के 40 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं। कार्यक्रम में विकास समाधिया, हरिओम पचौरी और सुधीर आचार्य सहित आर्ट ऑफ लिविंग टीम का पूर्ण सहयोग रहा।

### भजन और शास्त्रीय गायन ने बांधा समां




डिवाइन एंजल म्यूजिकल ग्रुप के गायककार कृष्णा, वर्षा, कंचन, रुचि, वीरेंद्र, नमन, मंगल, समृद्धि द्वारा एक से एक सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। भजनों के अंतर्गत शास्त्रीय गायन और वादन ने उपस्थित जनों को ध्यान मग्न कर दिया। कार्यक्रम के अंत में गुरु चित्र के सम्मुख केक काटा गया और 3 क्विंटल से अधिक फूलों की पंखुड़ियाँ की बरसात की गई और फूलों की होली खेली गई। जिसमें सभी भक्तगण नाचते गाते थिरकते नजर आए।

# नन्दन फलोधान के माध्यम से अमरूद की खेती से कई गुना फायदा उठा रहे हैं लोकेन्द्र

### -आगरा, दिल्ली, मेरठ के व्यापारी सीधे खरीद रहे है अमरूद

**मुरैना।** नन्दन फलोधान का लाभ लेकर लोकेन्द्र मुदगल ने पारम्परिक खेती से हटकर उद्यानिकी फसलों के तहत अमरूद की खेती को अपनाया है। अमरूद की पैदावार से लोकेन्द्र मुदगल कई गुना फायदा उठा रहें है। जनपद पंचायत पहाड़गढ़ की ग्राम पंचायत जौनारा निवासी लोकेन्द्र पुत्र विशाल सिंह मुदगल के पास मात्र 1 हेक्टेयर भूमि है। इस भूमि को लोकेन्द्र मुदगल ने नन्दन फलोधान का लाभ लेकर उद्यानिकी फसलों के लिये तैयार किया। लोकेन्द्र मुदगल ने बताया कि वर्ष 2013 में एक हेक्टेयर भूमि पर जी-27 लखनऊ 49 के 550 पौधे अमरूद की प्रजाति के लगाये थे। यह पौधे मनरेगा योजना के अन्तर्गत रोपित किये गये, इस कार्य पर 2 लाख 46 हजार 546 रूपये मनरेगा से व्यय किये गये। पौधरोपण के उपरांत 3 वर्ष के बाद में पौधों में फल आना प्रारंभ हो गये। प्रतिवर्ष 150 क्विंटल अमरूद की पैदावार हो रही है। मैं अमरूद से ही तीन-साढ़े तीन लाख रूपये कमा रहा हूं। मेरा अमरूद सीधे आगरा, दिल्ली, मेरठ और गाजियाबाद के फल व्यापारी सीधे खेत से उठा रहें है। मुझे कहीं अपने अमरूदों को बेचने नहीं जाना पड़ रहा है। व्यापारियों से बच रहे अमरूद स्थानीय स्तर पर विक्रय हो रहें है। इससे में प्रतिवर्ष ढ़ाई लाख रूपये कमा लेता हूं। अमरूद से मुझे 6 लाख रूपये की आमदनी प्रतिवर्ष हो रही है। मेरा जीवन बेहतर तरीके से चल रहा है। आर्थिक सम्पन्नता होने से समाज में पूछ-परख भी बढ़ गई है। मैं नन्दन फलोधान योजना की प्रशंसा करता हूं कि सरकार ने हम जैसे लघु कृषकों के लिये नन्दन फलोधान जैसी योजना बनाई, इससे हमारे जीवन में आर्थिक एवं सामाजिक सम्पन्नता परिलक्षित हो रही है।



# कॉटन इंडस्ट्री में भीषण अग्निकांड, डेढ़ करोड़ सर्जिकल कॉटन स्वाहा

### -3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

**मुरैना।** बानमोर सेवा गांव में स्थित खेड़ापति सर्जिकल कॉटन इंडस्ट्रीज में शनिवार की सुबह अचानक आग लगने से डेढ़ करोड़ रुपए का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही हैं। फैक्ट्री में लगी भयंकर आग पर मुरैना, बानमोर की दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में किसी भी व्यक्ति के हताहत होने का समाचार नहीं है। जानकारी मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए।


फैक्ट्री कर्मचारी पुरूषोत्तम गौड ने बताया कि शनिवार सुबह फैक्ट्री मशीन पर वह अपने 6 साथियों के साथ फैक्ट्री के अंदर काम कर रहा था, तभी अचानक मशीन से शॉर्ट सर्किट होने कारण चिंगारी निकली और चिंगारी की चपेट में आए सर्जिकल कॉटन ने आग पकड़ ली। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे करीब डेढ़ करोड़ रूपये का नुकसान हो गया। इस मामले में फैक्ट्री मालिक दिनेश चंद गोयल का कहना हैं कि उनकी फैक्ट्री में सर्जिकल कॉटन बनाया जाता था, जो बाहर सप्लाई किया जाता है। शनिवार की सुबह अचानक लगी आग के कारण उसका करीब डेढ़ करोड़ रुपए का नुकसान हो गया है। सूचना मिलते ही बानमौर, मुरैना से पहुंची पांच दमकल गाड़ियों के कर्मचारियों ने 3 घंटे तक जद्दोजहद कर आग पर काबू पाया, लेकिन आग बुझने तक डेढ़ करोड़ से अधिक का सर्जिकल कॉटन जलकर राख हो चुका था। मौके पर पुलिस एवं राजस्व अधिकारी भी पहुंच गए थे जो क्षति का आकलन कर रहे हैं।



# केन्द्रीय मंत्री ने किया बाबू सिंह राजपूत की प्रतिमा का अनावरण

**मुरैना।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को मुरैना विकासखण्ड के ग्राम अजनौधा में पहुंचकर समाजसेवी स्व. श्री बाबू सिंह राजपूत की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज हमने ऐसे व्यक्ति की प्रतिमा का अनावरण किया है, जिन्होंने पूरे जीवन में गरीब, जरूरतमंद लोगों की मदद करके उनका सहयोग किया। उनके पद चिन्हों पर उनके पुत्र श्री रामभरोषी राजपूत ने पिता की स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया है। इस कथा में उपस्थित होने का मुझे भी सौभाग्य मिला है, मैं भी रामभरोषी राजपूत का आभारी हूं। इस अवसर पर उनके साथ अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंषाना, ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष गिर्राज डंडोतिया, अम्बाह विधायक कमलेश जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, पूर्व मंत्री रूस्तम सिंह, मुंशीलाल, पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर, समाजसेवी हमीर सिंह पटेल, विजय जादौन, ऐटा से पधारे विपिन सिंह डेबिड, श्रीमती शरला रावत, फिल्म कलाकार केदार सिंह बारहकला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि रामभरोषी राजपूत ने श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कर पिता की प्रतिमा का अनावरण कराया है, उन्होंने पित्त धर्म की स्थापना की है। पूर्वजों को आर्शीवाद तो मिलेगा ही, अगले जन्म में मुझे भी परिलोक सिधारने के बाद भी बेंकुन्ट प्राप्त होगा। रामचरित मानस, श्रीमद् भागवत जिन लोगों ने सात दिन ग्रहण किया होगा, वे भी अपने जीवन को सुधार सकते है।






# गौशाला संचालन के लिये प्रोफेशनल बनना जरूरी हैः केन्द्रीय मंत्री

**मुरैना।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि गौशाला को व्यवसायिक बनाना बहुत जरूरी है। गौशाला की आय से ही गायों का संरक्षण होना चाहिये, गौशाला की रिक्त भूमि पर प्रबंधन हरे चारे का उत्पादन करायें। इसके लिये हरी फसल के उत्पादन के लिये स्प्रिंक्लर सिस्टम को अपनायें, जिससे कम पानी से अच्छी फसल पैदा हो। उन्होंने कहा कि गोबर को मूल्यवर्धन के लिये जोड़े, गोबर से आमदनी पैदा हो। गोबर से अच्छी आय पैदा हो सकती है। गौशाला विकास के लिये सभी विभागों का कलेक्टर एवं नगर निगम सहयोग लें तथा कृषि विभाग को भी गौशाला में जोड़े। इसके अलावा आसपास के क्षेत्र में पड़ी बीहड़ की 10-20 एकड़ भूमि को समतलीकरण कराकर हरा चारा पैदा करें, तभी गौशाला का संचालन ठीक से हो सकेगा। यह उन्होंने शुक्रवार को देवरी गौशाला भ्रमण के समय अधिकारियों से कही। इस अवसर पर प्रदेश के अल्पसंख्यक एवं वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंषाना, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर, जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती वंदना जैन, उपसंचालक बेटनरी डॉ. आरके त्यागी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में वधु को उपहार के रूप में मिलेगी 38 हजार की सामग्री

**मुरैना।** जिले की अम्बाह, पोरसा, मुरैना, जौरा, पहाड़गढ़ में 11 जून और कैलारस में 13 जून को मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन जनपद मुख्यालयों पर आयोजित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के आवेदन सम्मेलन की तिथि से 15 दिवस के पूर्व प्रस्तुत करने के शासन द्वारा निर्देश प्राप्त है। निर्देशों के तहत बताया गया है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 55 हजार रूपये शासन द्वारा स्वीकृत किये जायेंगे, जिसमें 38 हजार रूपये की सामग्री कमेटी द्वारा क्रय कर उपहार के रूप में वधु को उपलब्ध करायी जायेगी। जबकि 11 हजार रूपये एकाउंट पे वधु के खाते में जमा किये जायेंगे। 6 हजार रूपये की राशि आयोजनकर्ता विवाह सम्मेलन में खर्च कर सकेंगे।

**वधु को उपहार के रूप में मिलेगी यह सामग्रीः** जानकारी के अनुसार वधु को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अनुसार एलपीजी गैस कनेक्शन एवं चूल्हा, आईएसआई मार्का का कलर टी.व्ही 32 इंच, रेडियो, 20 गैज की स्टील की अलमारी साढ़े 5 फीट, आईएसआई मार्का की 6 फायवर कुर्सी का सेट टेबल के साथ, मजबूत एवं टिकाऊ लोहे या लकड़ी का पलंग 4 वाई 6 फीट, रेडीमेट साढ़े 3 इंच के रूई की मुटाई के रजाई, गद्दे, तकिया सहित दो चादर, चांदी का 70 प्रतिशत टंच, पायल 70 ग्राम, बिछिया 10 ग्राम, माथा टीका 10 ग्राम, बेंदा, मंगलसूत्र 50 ग्राम (चांदी का), आईएसआई मार्का का पैर वाली सिलाई मशीन, आईएसआई मार्का का टेबल फेन पंखा, आईएसआई मार्का की दीवार घड़ी, आईएसआई मार्का का डायनिंग टेबल लकड़ी या फायवर की 6 कुर्सी सहित, 20 गेज आईएसआई मार्का के 51 बर्तन स्टील का सेट, आईएसआई मार्का का प्रेशर कुकर और अच्छी ब्राण्ड क्वालिटी कपड़ा एवं सामग्री जैसे- वधु के वस्त्र, साड़ी बिलाउज, पेटीकोट (सभी 4 नग), चूड़ियां, श्रृंगार की सामग्री उपलब्ध करायी जायेगी। निर्देशों के तहत उक्त सामग्री क्रय करने के लिये प्रभारी मंत्री के अनुमोदन पर क्रय समिति बनायी जायेगी। जिसमें अध्यक्ष जिला पंचायत के सीईओ, सदस्य के रूप में परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला कोषालय अधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग और सदस्य/सचिव के रूप में संयुक्त संचालक या उपसंचालक सामजिक न्याय मौजूद रहेंगे।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित

**मुरैना।** केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के आशीर्वाद तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री रणवीर रावत की अनुशंसा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता की सहमति से भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष साधू सिंह राठौर द्वारा जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें जिला उपाध्यक्ष पंजाब सिंह कुशवाहा, नत्थी सिंह गुर्जर, रामजीलाल राठौर, अशोक कपासिया, रवि कुशवाह, श्यामसुंदर गुर्जर, कमलेश शिवहरे, धर्मेंद्र धाकड़ को मनोनित किया गया जिला महामंत्री के पद पर धीर सिंह रावत, रवि सोनी एवं जिला मंत्री का दायित्व देवेंद्र सिंह गुर्जर, करतार सिंह यादव, दीवान सिंह राठौर, जनक सिंह कुशवाह, रामनिवास यादव, जय सिंह गुर्जर, भूप सिंह रजक, भूपेंद्र सिंह बघेल को सौंपा गया जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र राठौर व जिला सह कोषाध्यक्ष राजू प्रजापति को बनाया गया। जिला कार्यालय मंत्री के पद की जिम्मेदारी मनीष राठौर व जिला सहकार्यालय मंत्री का दायित्व देवेंद्र हर्षाना के अलावा जिला मीडिया प्रभारी शैलेंद्र श्रीवास एवं जिला सहमीडिया प्रभारी बृजेश शिवहरे को नियुक्त किया गया। जिला सोशल मीडिया प्रभारी का कार्य मनीष वर्मा एवं जिला सहसोशल मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे एवं जिला आईटी सेल प्रभारी के पद पर रामसेवक राठौर को मनोनीत किया गया है।

# गल्ला व्यापारी का रुपयो से भरा बैग लेकर भागा युवक,5 दिन में अब नही हुई हो सकी एफआईआर दर्ज, पुलिस की कार्यशैली पर लगे प्रश्नचिन्ह

## टीआई बोले क्या करोगे एफआईआर कराकर-फरियादी

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-दबोह नगर में मंगलवार 10 मई 2022 को गल्ला व्यापारी का रुपयों से भरा बैग लेकर चोर रफूचक्कर हो गए।जिसके बाद 5 दिन होने के बाद भी खबर लिखे जाने तक आज दिनांक 14 मई 2022 तक दबोह पुलिस आज तक एफआईआर दर्ज नही कर सकी।विस्तार से जानकारी के लिए आपको बता दें कि कोंच रोड स्तिथ गल्ला व्यापारी शिवकुमार गुप्ता का पुत्र आशु गुप्ता उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 09 दबोह हर रोज की तरह रुपयों का बैग लेकर अपनी दुकान पर आता था।परंतु मंगलवार को उसके साथ यह हादसा हो गया।फरियादी आशु ने बताया कि वह रोज की तरह उसने सुबह




लगभग 8 बजे अपनी दुकान खोली और रोज की तरह शटर खोल कर बैग तखत पर रख दिया और झाड़ू लगाना शुरू की।जब वह दुकान पर आया तो पहले से ही दुकान के बाहर साइड से एक लड़का बैठा हुआ था।फरियादी जैसे ही झाड़ू उसके बाद कचड़ा फैंकने के लिए आगे बढ़ा तो इतने में बाहर बाइक से खड़ा संदिग्ध व्यक्ति फरियादी से बात करने लगा और इतने में बाहर बैठा युवक रुपये से भरा बैग लेकर रफूचक्कर हो गया।जिसके बाद उस युवक के साथ बाइक चालक भी फरार हो गया।फरियादी के अनुसार उसके बैग में दुकान के जरूरी कागजात(वही खाता)व 1 लाख 50 हजार रुपये की नगदी थी।घटना होने के बाद बाजार में चारो तरफ अफरा तफरी का माहौल मच गया।तब जाकर फ़रियारी ने थाना दबोह पहुँचकर मंगलवार को अपना आवेदन प्रस्तुत किया तो दबोह पूर्व थाना प्रभारी प्रमोद साहू द्वारा फ़रियादी को कोई संतुष्टिपूर्ण जबाब नही मिला और न ही दिए गए आवेदन की प्राप्ति मिली।तदोपरांत कुछ समय बाद मौके का मुआयना करने थाना दबोह पुलिस पहुंची परन्तु पुलिस वहां भी औपचारिकता करती नजर आई क्योंकि उसके बाद से आज तक पुलिस के द्वारा कार्यवाही को आगे नही बढ़ाया गया।फरियादी कहना है कि जब दूसरे दिन फरियादी थाने पर एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे तो थाना प्रभारी का जबाब था कि क्या कर लोगे एफआईआर करा कर-कुछ नही होगा एफआईआर से।पीड़ित फरियादी से थाना प्रभारी प्रमोद साहू के इस तरह के रवैये का होना एक अलग ही दिशा दर्शाता है क्योंकि थानों के स्थापित करना मतलब लोगो की समस्याएं सुनना और उनपर कार्यवाही करना है।देश भक्ति जनसेवा का नारा देने वाली पुलिस ही जब ऐसे बर्ताव करने लगे तो फिर फरियादी पूरी तरह से टूट जाता है।यहां बताना मुनासिब होगा कि बीते रोज जारी हुई तबादला सूची में दबोह थाना प्रभारी रहे प्रमोद साहू का तबादला फूप कर दिया गया है और अब दबोह थाने की कमान राजकुमार शर्मा को मिली है,अब फरियादी को नए थाना निरीक्षक से न्याय की आस है।एवम फरियादी ने वरिष्ठ अधिकारियों से एफआईआर दर्ज करा कर बारदात की छानबीन कराने की गुहार लगाई है अब देखना यह है कि क्या 5 दिन होने के बाद फरियादी की एफआईआर आज भी दर्ज हो पाती है या फिर पीड़ित ऐसे ही थाने के चक्कर लगाता रहेगा..?

## योगेश सक्सैना बने निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर किया स्वागत

**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया ।** गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा के आशीर्वाद से नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश सक्सेना को भाजपा स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाया गया



है भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश ने मध्य प्रदेश के सभी जिलों में निकाय प्रकोष्ठ जिला आयोजकों की घोषणा की है जिसमें दतिया जिले से योगेश सक्सैना को निकाय प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाया गया है योगेश सक्सैना को निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक बनाए जाने पर भाजपा जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहना कर और मिठाई खिलाकर बधाई दी इस मौके पर विपिन गोस्वामी नीरज श्रीवास्तव सनत पुजारी रिंकू बुंदेला राममिलन यादव नरेंद्र भरद्वाज रघुवीर प्रताप कुशवाहा रेशू दांगी प्रवीण पाठक सुशील तोमर अमन गुप्ता मुलु उपाध्याय रोहित शर्मा विपिन शर्मा बंटी रायकवार विष्णु मोदी टेलु यादव धर्मेंद्र प्रजापति रवि गौतम कौशल यादव प्रशांत गोस्वामी धर्मेंद्र गुर्जर राहुल गुर्जर रामू दांगी वरुण दांगी राजीव शुक्ला प्रदीप गुप्ता गुल्ली कुशवाह दशरथ कुशवाहा आदि भाजपा कार्यकर्ता स्वागत कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## शक्ति बाईसा का मैसूरु पहुंचने पर भावभिना स्वागत...



**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरु.** राजस्थान के जिला नागौर के गाँव खानपुर स्थित हिंगलाज माता मंदिर प्रमुख शक्ति लक्ष्मी बाईसा मैसूरु पहुँची द्य यहाँ महाराणा प्रताप राजपूत मंडल मैसूरु के तत्वावधान में मालम सिंह मेड़तिया की ओर से बहुमान किया गया द्य इस अवसर पर राजस्थान से पहुँचे अतिथि मोहनदान चारण,गोविंददान चारण,कुलदीप सिंह,सवाई सिंह,देवीलाल दर्जी,महाराणा प्रताप राजपूत मंडल मैसूरु के अध्यक्ष पृथ्वी सिंह चांदावत, कोषाध्यक्ष गणपत सिंह बालावत, सदस्य भीख सिंह नरूका,दलपत सिंह भाटी,मालम सिंह मेड़तिया, गंगा सिंह बालावत,नरेंद्र सिंह देवड़ा,हरी सिंह देवड़ा सहित बड़ी संख्या में समाज गण उपस्थित रहे।

# प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की मंशा एवम किसान व्यापारियों के सहयोग से चलेगा शक्कर कारखाना: एम डी पाराशर पूर्व महाप्रबंधक

### कैलारस शक्कर कारखाने पर हुई किसान कर्मचारियों व्यापारियों की बैठक

**गौरब शर्मा पुष्पांजलीं टुडे**

**कैलारस** क्षेत्र के किसान कर्मचारियों एवम व्यापारियों की एक बैठक शक्कर कारखाना परिसर में कारखाने पूर्व महाप्रबंधक एम डी पाराशर जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई जिसमे जौरा कैलारस सबलगढ़ क्षेत्र के किसान व्यापारी कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भागेदारी की इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए पूर्व महाप्रबंधक एम डी पाराशर ने कहा कि प्रदेश के मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी कैलारस शक्कर कारखाने को चलाना चाहते हे उनकी यह मंशा हे कि कैलारस का शक्कर कारखाना चले ,उन्होंने हमारे प्रस्ताव पर विचार किया ,सहमति दी और उनकी मंशा हे कि क्षेत्र के किसान कर्मचारी व्यापारी मिलकर चलाए ऐसी उनकी मंशा है किसान व्यापारियों का कारखाना चलाने का जो प्रस्ताव पूर्व में मुख्यमंत्री जी को दिया गया था उस पर विचार किया गया हे ,ओर कारखाना चलाने की रणनीति बनाई जा रही हे इस कार्य में आप सभी



की पूर्ण भागेदारी होनी चाहिए , किसान गन्ना पैदा करे व्यापारी पूंजी निवेश करे , कर्मचारी श्रम करे , इसके लिए समर्पित होना पड़ेगा , यह कारखाना चलने से क्षेत्र के विकास के साथ साथ लोगो को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा , कारखाना चलाने से पूर्व किसान कर्मचारियों के भुगतान पहिले किए जायेंगे बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने भी तन मन धन से सहयोग करने का संकल्प लिया और वही व्यापारी एवम किसान भी कारखाने को चलाने के लिए पिछले दो माह से रणनीति बनाकर संकल्पित है

बैठक में गिर्राज पाराशर,राजेंद्र शुक्ला, रामलालधाकड़, बनवारी शुक्ला, केशव पाराशर, नागेश शर्मा, राम प्रसाद गौड़, देवीलाल सैनीया मुंशी रामशर्मा, जगदीश शर्मा, मदनू शाक्य, जुगनू कुशवाह, राम कुमार शर्मा, कमल मर्रेया सुरेश शर्मा, कबीर खान, रशीद खान, राय सिंह तोमर, राम कुमार शुक्ला, रमेश शुक्ला, राम सुमेर शुक्ला, रामदयाल धाकड़, मनीराम धाकड़, दौलतराम बघेल, राम गोपाल राठौर, प्रभु दयाल राठौर, मुन्ना लाल शर्मा, लज्जाराम शर्मा, मातादीन राठौर, श्रीनिवास शर्मा, सोनाराम व्यास, रामदयाल धाकड़, नरेंद्र सिंह भदोरिया, भारत जगा, बनवारी लाल रावत, माता राम शुक्ला, मनीराम गुप्ता, सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित थे, आज की मीटिंग में तय हुआ कि, शुगर फैक्ट्री कैलारस को चलाने के पहले, समस्त कर्मचारियों की देनदारियों एवं समस्त किसानों की देनदारियों पहले चुकता कराई जाएंगी उसके उपरांत ही शुगर फैक्ट्री प्रारंभिक करने का कार्य किया जाएगा एवं सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री परम सम्मानीय श्री शिवराज सिंह जी का आभार व्यक्त किया गया

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ता जीत प्रजापति बने कैलारस अध्यक्ष

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना**-भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर,प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की अनुशंसा एवम भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम पिछडा वर्ग मोर्चा प्रभारी रणवीर रावत के निर्देशानुसार एवम जिलाध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता की सहमति से एवम भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष साधु सिंह राठौर के द्वारा मुरैना के मण्डल अध्यक्षों की घोषणा की गई है।जिसमे भाजपा के कर्मठ,जुझारू एवम सक्रिय कार्यकर्ता जीत प्रजापति को कैलारस मण्डल की कमान पिछड़ा वर्ग मण्डल अध्यक्ष के रूप में सौंपी गई।जिसके चलते जीत प्रजापति ने भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व ने जो उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वह पार्टी के दिशा निर्देशो पर चलकर बखूबी



निभाएंगे और भाजपा की योजनाओं से जनता को अवगत कराएंगे साथ ही पार्टी में ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोडने का कार्य करेंगे।यहां बताना मुनासिब होगा कि जीत यादव वर्ष 2018 से भाजपा के लिए पूर्ण रूप से समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं।वर्ष 2018 में सबसे पहले वह युवा मोर्चा कैलारस के प्रचार मंत्री के रूप में कार्यरत रहे।वर्ष 2020 में मण्डल कैलारस कार्यसमिति सदस्य रहे।मण्डल कैलारस में सहप्रभार मीडिया प्रभारी भी रहे और अब उन्हें मण्डल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।जैसे ही मण्डल अध्यक्षों की सूची जारी हुई वैसे ही जीत प्रजापति को बधाई देने का सिलसिला जारी हो गया।इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं व उनके मित्र व शुभचिंतकों ने भी उन्हें बधाई प्रेषित की है।इस दौरान उन्हें बधाई देने बालो में राजू गुप्ता जी मंडल अध्यक्ष मंडल कैलारस,महेश श्रीवास्तव मंडल महामंत्री,दिनेश जादौन,रंजीत माहोंरिया,फरुखीदिन खान,रवींद्र कुशवाह,धर्मेंद्र धाकड़,नीलेश प्रजापति,राजू श्रीवास आदि नाम शामिल हैं।

## शिवानी सिंह के निधन पर निम्बाडा में श्रधांजलि सभा

### जन प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों लोगों ने पहुच दी श्रधांजलि ..

**पुष्पांजली टुडे पाली राजस्थान। नरेश सीरवी**



पाली रानी निकटवर्ती निम्बाडा गाँव मे पुर्व उपाध्यक्ष केंद्रीय बाल श्रम बोर्ड भारत सरकार शिशुपाल सिह निम्बाडा , रानी उप प्रधान शिला सिह की पुत्री शिवानी सिह के आस्कमिक निधन पर पैतृक गांव निम्बाडा में श्रधांजलि सभा रखी गई । शिवानी सिह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पाली के पूर्व सांसद बद्री राम जाखड़, जिला कलेक्टर नमित मेहता, पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह, मेजर जनरल नरपत सिंह पुनायता, सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत, मारवाड़ जंक्शन विधायक खुशवीर सिंह, पूर्व संसदीय सचिव दिलीप चौधरी, वरिष्ठ समाज सेवी घनश्याम भाई पुरोहित, सुमेरपुर पूर्व विधायक मदन राठौड़, पाली पूर्व कोंग्रेस जिलाध्यक्ष अज़ीज दर्द, उपप्रधान सुमेरपुर गजेन्द्र सिंह, रानी पूर्व प्रधान नवरत्न चोधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जब्बर सिह मंडली, सोजत कांग्रेस प्रत्याशी शोभा सोलंकी, पाली कांग्रेस प्रत्याशी महावीर सिंह सुकरलाई, पाली प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल, सुमेरपुर से सुभाष मेवाड़ा, महेष परिहार, पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़, जिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या सांखला, पूर्व महिला जिला अध्यक्ष नीलम बिड़ला, कांग्रेस प्रदेश सचिव भूराराम सीरवी, पार्षद मेहबूब टी, ओमा चौधरी, देसूरी प्रधान प्रतिनिधि अमर सिंह राजपुरोहित, समाज सेवी जय सिंह सोकड़ा, समाज सेवी प्रवीण कोठारी, वरिष्ठ नेता मदन सिंह जागरवाल, रोहट पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मंगलाराम भींडर, युवा गोरधन देवासी, तखतगढ़ से शंकर लाल माली, जोधपुर भाजपा युवा नेता बजरंग सिह अराबा, राजू सिह नारनाड़ी, कोंग्रेस नेता अरुण जोशी, पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाड़ा, कोंग्रेस नेता सुमेर सिह आंकदड़ा, समाज सेवी महावीर कटारिया, कोंग्रेस नेता करण सिह चाणोद, बेंगलोर से विशन सिह वीराणा, वरिष्ठ भाजपा नेता भंवर चौधरी, सुमेरपुर से गजेन्द्र सिंह नेतरा, पाली से पार्षद रिखब चन्द जैन, उप पुलिस अधीक्षक रजत विश्नोई, तहसीलदार सुमेरपुर गोपीकिशन पालीवाल, नायब तहसीलदार सुमेरपुर, विकास अधिकारी रानी आवडदान, विकास अधिकारी पाली मोहनलाल चौधरी, सुमेरपुर विकास अधिकारी सोहनलाल डारा, पुष्प सोनी, कोंग्रेस नेता कुलदीप सिह बगड़, अमर सिंह विश्नोई, निम्बाडा सरपंच बलवंत सिंह एवं तमाम पंच प्रतिनिधि, आलाधिकारि, जनसेवक, सहित हजारो की तादात परिवार जन, शुभचिंतक गण मौजूद रहे ।। पूर्व सांसद बद्री राम जाखड़ ने स्व शिवानी सिह को श्रधांजलि अर्पिति करते कहा की ईश्वर के आगे कोई जोर नही हमने एक होनहार प्रतिभा को खो दिया शिवानी बिटिया का निधन हमारे परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है और जाखड़ ने शिशुपाल सिह निम्बाडा , शिला सिह , महिपाल सिह सहित समस्त शोक सम्पत परिवार को ढांढस बधाया और सभी ने शिवानी सिह की आत्मा शांति की प्रार्थना की ।

# डॉक्टर को भगवान की तुलना में रखा गया

डॉक्टर हमारे देश और समाज की एक ऐसे रीड की हड्डी है जिसके बिना अच्छे जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है और जिसे सदियों से भगवान की तुलना में रखा गया जिसे भगवान का दूसरा रूप भी माना गया, क्योंकि भगवान और डॉक्टर में दोनो में थोड़ी समानता है इंसान के जीवन रक्षा की, जिन्हें बहुत ही इज्जत और प्रेम भाव से देखा गया,पर आज अब दौर बदल गया है जो डॉक्टर अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण समय सब कुछ छोड़ कर दस साल तक मेहनत करता है अपने परिवार समाज से दूर रह कर अच्छा डॉक्टर बनने के लिए अपना जीवन लगा देता है कई बार ये तक देखने को मिलता है की इनके डॉक्टर बनते बनते इनके माता पिता अपनी सारी मेहनत की कमाई ज़मीन जायदाद तक बेच कर इन्हें पढ़ा कर डॉक्टर बनाते है और जब ये डॉक्टर बनकर समाज में काम करते है तो इन्हें सम्मान की जगह मिलती है गलिया, धमकियाँ, और ब्लच्क्मैलिंग, बस अपने अहम और अपने गए हुए पैसे को पाने का सबसे सरल तरीक़ा इनके लिए इस्तेमाल किया जाता है हाँ ये सच है और आए दिन ये घटनायें घट रही है जिस व्यक्ति ने अपना आधा जीवन डॉक्टर बनने में लगा दिया अगर उसने अपनी फ़ीस महज़ चार सौ रख लिए तो वो लुटेरा माना जाता है अगर उसके यहाँ किसी मरीज़ की मौत हो जाए तो उसे उसका ज़िम्मेदार मानकर उसके साथ अभद्र व्यहार किया जाता है इतना डराया धमकाया जाता है की उसे लगने लगता है की शायद उसने डॉक्टर बनकर कुछ गलती तो की जितना समय उसने डॉक्टर बनने में लगाया उससे कम समय में वो तो कोई अच्छा अधिकारी बनकर रौब के साथ जीवन जीता कम से कम किसी से अभद्र व्यहार की चिंता ना होती और ना ही करोड़ों रुपय की फ़ीस पढ़ने में बर्बाद होती, अभी कुछ मेरे मित्र है जिनके साथ भी यही हुआ जिन्हें बस



डराकर बस कुछ पैसे वसूल हो जाए पर शायद हम ये क्यू नहि सोच पाते की जिस डॉक्टर को हमने भगवान का दर्जा दिया है वो जानबूझकर तो जान नहि लेगा वो भी इंसान है दर्द उसे भी होता है उसका भी अपना परिवार है वो परिवार भी उसे लेकर चिंतित होता है और अगर उसे किसी की जान ही लेनी होती तो उससे ज़्यादा फ़ायदा उसकी जान बचाने में है तो वो जान बचा कर ज़्यादा फ़ायदा कमाएगा पर हमने अपनी सोच का दायरा इतना संकुचित कर लिया है की अगर हमारे हिसाब का काम हुआ तो डॉक्टर अच्छा है और हिसाब का काम नहि हुआ तो वो भगवान नहि शैतान है अगर ऐसा है तो आप अपने भगवान से भी अपने मरीज़ के लिए प्रार्थना करते है तो उसके मरने पर भगवान भी उतना ही दोषी हुआ जितना की डॉक्टर तो फिर वही व्यवहार भगवान के साथ क्यू नहि जो डॉक्टर के साथ होता है.. और अगर रही बात लूटने की तो हमें कौन नहि लूट रहा है हर कोई लूट रहा है हर किसी को बस बात है सोचने कीं.. पर जो अब डॉक्टर के साथ होता है हम वो सब बाक़ी लोगों के साथ नहि कर पाते है क्योंकि वो डॉक्टर से कही ज़्यादा रसूखदार है और ताकतवर है और हम उन्ही को तकलीफ़ दे सकते है जो हमसे कमजोर है क्योंकि डॉक्टर ना तो लड़ सकता है ना बाक़ी चीज़ें कर सकता है क्योंकि अपने काम के अलावा इन्हें कुछ आता ही नहि इसलिए मैं नहि कहता की आप इन्हें भगवान का दर्जा दे ये भी इंसान है बस वही बने रहने दे तो इनके लिए वही काफ़ी है शायद हम महामारी के दिन भूल गये जब कोई नहि काम आया बस हर जगह यही डॉक्टर थे जिन्होंने अपनी जानकी परवाह ना करते हुए सबका ध्यान रखा और खुद की जाने भी गँवाई, पर हमें भूलने की आदत है तो हम सब भूलकर बस अपना भला याद रखते है अभी कुछ दिनो पहले भी किसी ने ब्लच्क्मैल करके एक महिला डॉक्टर की जान ले लीज्इन्हें भी अधिकार है जीने का जीने दीजिए नहि एक दिन आपको बचाने के लिए कोई डॉक्टर नहि आएगा..अपने मतलब से ऊपर उठकर सोचने की ज़रूरत है सभी को की हम सब इंसान है और इंसानो की दुनिया में रहते है और इंसान बनकर ही रह सकते है।

**डॉक्टर अरविंद द्विवेदी**
**Astrologer & कॉउंसलिंर**

मुख्यमंत्री चौहान की स्टार्टअप इन्वेस्टर्स से हुई टेबल कॉन्फ्रेंस

# निवेशकों का मध्यप्रदेश में खुले दिल से स्वागत है: चौहान



इन्दौर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्टार्टअप कॉन्क्लेव में आज स्टार्टअप इन्वेस्टर से राउण्ड टेबल चर्चा की और कहा कि आपके लिए मध्यप्रदेश के द्वार सदैव खुले हुए हैं। हम खुले दिल और दिमाग से आपका स्वागत करते हैं। मध्यप्रदेश के युवाओं में एक अलग एनर्जी है। उनके आइडिया को आप एक नया प्लेटफार्म प्रदान करें। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हम मध्यप्रदेश में स्टार्टअप पॉलिसी लॉंन्च कर रहे हैं। मध्यप्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है और हम अब फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। मध्यप्रदेश की विकास दर इस वर्ष 19.7 प्रतिशत रही है। भारत की जीडीपी में मध्यप्रदेश का योगदान 3.6 प्रतिशत रहा है। मध्यप्रदेश को हम देश का नम्बर वन राज्य बनाने के लिये काम कर रहे हैं और स्टार्टअप के लिये आप सबके सहयोग की आवश्यकता है। प्रदेश के युवाओं के स्टार्टअप में आज मदद करें, इन्वेस्ट करें, जिससे कि आपके उद्योग धंधों को नई ऊर्जा और नये विचार मिलेंगे। चर्चा के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी व एमएसएमई विभाग के सचिव पी. नरहरि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप इन्वेस्टरों से चर्चा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश विकसित प्रदेश बनने की ओर बढ़ रहा है। इसके लिये युवाओं के स्टार्टअप को नये प्लेटफार्म प्रदान करने के लिये आप सबको आमंत्रित कर रहे हैं। इन्दौर में पढ़े रणविजय लांबा और विक्रम उपाध्याय ने बताया कि हम लोग इन्दौर में पढ़े हैं। तब से लेकर आज तक 25 वर्ष बाद इन्दौर में बहुत बदलाव आ गया है। यह बदलाव की प्रवृत्ति इन्दौर को एक अलग पहचान देती है। इंडस्ट्री और स्टार्टअप के गठजोड़ से स्वपोषित और स्वचलित व्यवस्था निर्मित होगी। इन्दौर से पढ़कर निकले कई विद्यार्थी आज विदेशों में खरबपति हैं। इनको जोड़कर हम इन्दौर को स्टार्टअप की राजधानी बना सकते हैं। मुख्यमंत्री चौहान से चर्चा के दौरान पीयूष दोषी, अजय गुप्ता, विजय केडिया, विकास अग्रवाल, रूपेश व्यास, जीतू पंजाबी, राजेश पंडित, वी.टी. भारद्वाज आदि ने भी अपने विचार रखें और मुख्यमंत्री चौहान के द्वारा स्टार्टअप के लिये पॉलिसी बनाने की सराहना की।

### मध्यप्रदेश में बहुत बेहतर माहौल: मुराशी

चर्चा के दौरान जापान के याशुकी मुराशी ने कहा कि मध्यप्रदेश में बहुत बेहतर माहौल दिख रहा है। नये-नये स्टार्टअप से जापान को भी फायदा होगा। इसके लिये हम जापानी टेक्नालॉजी के साथ यहां के नये आइडियाज को नई पहचान दिला सकते हैं। मध्यप्रदेश में जापान के इन्वेस्टमेंट को बढ़ाने के लिये भी हम प्रयास करेंगे।

### माहौल बनाने से अच्छा निवेश आयेगा: गोयल

इन्वेस्टर सुनील गोयल ने बताया कि स्टार्टअप के लिये बेहतर माहौल बनाने से अच्छा निवेश आयेगा। इन्दौर में स्टार्टअप के लिये बहुत संभावनाएं हैं। इसके लिये एक बेहतर माहौल बनता हुआ दिख रहा है। हम मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देना चाहते हैं। इन्दौर में सफाई में जो मापदण्ड स्थापित किये हैं उसकी विदेशों में भी चर्चा है। इसके साथ ही अन्य लोगों ने भी स्टार्टअप पॉलिसी के लिये अपने विचार साझा किये।

### प्रदेश के लिये नई संभावनाएं देख रहे हैं

रूपेश व्यास मिराज ग्रुप के संचालक ने कहा कि हमारे अनुभव और युवाओं के आइडियाज से हम प्रदेश के लिये नई संभावनाएं देख रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार स्टार्टअप के लिये युवाओं को अवसर प्रदान कर रही है। बिजनेसमेन की पूँजी और नये आइडिया से हम मध्यप्रदेश को देश का सबसे उन्नत प्रदेश बना सकते हैं और बिजनेस को बई गुना बढ़ा सकते हैं।

# भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा भिंड जिले की कार्यसमिति एवं प्रभारियों की सूची हुई जारी

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

**भिंड** /उपरोक्त जानकारी के अनुसार जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माननीय विष्णु दत्त शर्मा जी वा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार जी के निर्देशानुसार वह भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री श्री प्रांशु राणए जी एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर जी की सहमति से यूथ कनेक्ट 15 मई से 15 जून तक चलने वाला अभियान के अंतर्गत जिला प्रभारी सह प्रभारी विधानसभा प्रभारी एवं मंडल प्रभारियों की सूची की गई घोषित जो सूची निम्न प्रकार से है

**संचालन समिति के सदस्य द्व**

**नाथू सिंह गुर्जर भाजपा जिला अध्यक्ष,**

श्री विक्रम सिंह कुशवाह भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, श्री कुलदीप यादव जिला प्रभारी युवा मोर्चा, श्री अतिराज सिंह नरवरिया जिला महामंत्री, श्री धीरज चौधरी जिला महामंत्री, श्री प्रिंस दुबे प्रदेश कार्यसमिति ,सदस्य श्री अतुल पाठक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, श्री ओमकार यादव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यूथ कनेक्ट अभियान युवा मोर्चा मैं श्री अतिराज नरवरिया को जिला प्रभारी ,दीपेश तोमर जिला सह प्रभारी , रामख्यतारसिंह गुर्जर भिंड विधानसभा प्रभारी, श्री अमित चौधरी अटेर विधानसभा प्रभारी, श्री ओमकार यादव गोहद विधानसभा प्रभारी, श्री अन्नू तिवारी लहार विधानसभा प्रभारी, श्री आशीष समाधिया मेहगांव विधानसभा प्रभारी, संतोष सिंह भदोरिया को मो मंडल प्रभारी, श्री अंकित मिश्रा सुभाष चंद्र नगर भिंड मंडल प्रभारी, श्री शिव शंकर सिंह भदोरिया महाराणा प्रताप मंडल प्रभारी, धीरज चौधरी बन खंडेश्वर मंडल प्रभारी, श्री राजीव मिश्रा भिंड ग्रामीण श्री गोपाल सोनी उमरी मंडल श्री राहुल शर्मा मेहगांव मंडल श्री अभिषेक मिश्रा दंदरआ मंडल, श्री हरदेश पुरोहित रोन मंडल ,श्री राम तोमर अमायन मंडल ,श्री आशीष गुप्ता सोनी मंडल, श्री आशीष समाधिया गोरमी मंडल, श्री अंशु त्रिपाठी अटेर मंडल, श्री धर्मवीर बघेल सुरपुरा मंडल ,श्री राम अख्तियार गुर्जर पीपली मण्डल, श्री अमित चौधरी फूप मंडल ,श्री ओमकार यादव गोहद मंडल, श्री अंकित शर्मा गोहद ग्रामीण मंडल ,श्री मोनू बघेल मालनपुर मंडल ,श्री वैभव चतुर्वेदी के चितौरा मंडल ,श्री शिव शंकर सिंह भदोरिया लहार मंडल, श्री सज्जन सिंह नरवरिया मचन्द मंडल, श्री अन्नू तिवारी मिहोना मंडल ,श्री सौरभ जैन असवार मंडल ,श्री जयंत किरार दमोह मंडल ,श्री अन्नू तिवारी आलमपुर मंडल इस प्रकार से सभी प्रभारियों की सूची प्रकाशित की गई द्य युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह कुशवाहा एडवोकेट व जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया ने सभी प्रभारियों को बधाई दी।

# बिजली समस्या को लेकर कांग्रेस का 19 मई को धरना प्रदर्शन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

### प्रत्येक विधानसभा स्तर पर ब्लाक अध्यक्ष के नेतत्व में होगा धरना प्रदर्शन

**भिण्ड ।** प्रदेश कांग्रेस के आवाहन पर प्रदेश में व्याप्त बिजली समस्या को लेकर प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन का आयोजन 19 मई को आयोजित किया जा रहा है जिसमे प्रत्येक जिला मुख्यालय व प्रत्येक विधानसभा बार बिजली समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतत्व में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा, तथा प्रत्येक विधानसभा पर ब्लाक कोंग्रेस अध्यक्ष के नेतत्व में धरना प्रदर्शन का आयोजन होगा।यह बात जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह द्वारा आज जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में कही। उन्होंने बताया जिले में व्याप्त अघोषित बिजली कटौती, मनमाने आकलित खपत,बिजली सप्लाई के नाम पर खाना पूर्ति, भीषण गर्मी में जनता बेहाल है बिजली न मिलने से पेयजल की भी समस्या उत्पन्न हो गई है मनमाने बिजली बिल दिए जाने के चलते आमजन परेशान है भाजपा सरकार में आमजन का जीना दुर्लभ हो गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सभी जिला पदाधिकारीयो को धरना प्रदर्शन में उपस्थित होने की अपील की ।बैठक में प्रमुख रूप से बिजेंद्र सिंह कल्लू,अशोक गुप्ता, विनोद पंडित,अशोक नरवरिया,नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी,अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष अमर सिंह शाक्य,कार्यालय प्रभारी योगेश शाक्य, प्रमोद शर्मा,अमित शिवहरे, अरविंद सोनी, समीर भदोरिया,संजय भुता,संदीप मिश्रा, राहुल कुशवाह,बंटी पचौरी,राजवीर बघेल अमित कुशवाहा विकास कुशवाहा राजेश शाक्य कुलदीप भारद्वाजआदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# प्रदेश में अपराध बेलगाम.. सरकार रोकने में नाकाम

- सुरक्षा करने वाले पुलिसकर्मी ही सुरक्षित नहीं तो
- प्रदेश की जनता कैसे सुरक्षित रहेगी ?
- असफल गृहमंत्री इस्तीफा दें: डॉ. गोविंद सिंह



**भोपाल।** मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने गुना जिले के आरोन में एसआई और दो पुलिसकर्मियों की दबंगों द्वारा की गई हत्या पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में शिवराज नहीं-गुंडाराज कायम हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रतिदिन 23 अपहरण की घटनाओं के साथ इंदौर और भोपाल अपराध के मामलों में अव्वल दर्जे पर है, तो वहीं प्रदेश भर में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, अबोध बालिकाओ के साथ लगातार बलात्कार, सामूहिक बलात्कार के मामले सामने आ रहे हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। प्रदेश जंगलराज में तब्दील हो गया है। माफियाओं को रोक पाने में सरकार नाकाम है। कानून व्यवस्था सिर्फ गृहमंत्री के बयानों तक ही सीमित है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के हालात बेहद खराब और नाजुक हैं। बीते दिनों की जो तस्वीरें सामने आयी हैं वह झकझोर देने वाली और प्रदेश को लगातार शर्मशार करने वाली घटनाएं घटित हो रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि धार जिले के तिरला थानांतर्गत पुलिसकर्मी के साथ मारपीट की घटना, अलीराजपुर में बस चालक को जिंदा जलाने की घटना, राजधानी भोपाल के कमलानगर थाने में पुलिस अभिरक्षा में एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या की घटना, सिवनी जिले की घटना, सागर जिले के जैसीनगर की घटना और अब गुना के आरोन की घटना जहां एसआई सहित दो पुलिसकर्मियों की दबंगों द्वारा हत्या की गई, दिल दहला देने वाली घटनाएं है।

डॉ. सिंह ने कहा कि देश भक्ति-जन सेवा की शपथ लेकर जनता की सेवा करने वाले पुलिसकर्मी ही शिवराज सरकार में सुरक्षित नहीं है तो वे देशभक्ति व जनसेवा किसके लिए और क्यों करेंगे? यह गंभीर चिंता और चिंतन का विषय है? उन्होंने कहा कि सिवनी में पुलिस अधीक्षक और गुना में आईजी को हटा देना ही सरकार की असफलता को साबित कर रहा है, जो कानून-व्यवस्था पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह है। डॉ. सिंह ने कहा कि अपराधों पर लगाम लगाने हेतु मुख्यमंत्री निवास पर बुलायी गई आपात बैठक समाप्त होने के बाद बाहर निकले प्रदेश के गृह मंत्री के चेहरे पर इन घटनाओं को लेकर जरा भी दर्द व अपनी असफलताओं का बोझ नजर नही आ रहा था जिन्होंने मुस्काते हुए मीडिया से कहा कि सरकार शहीद पुलिसकर्मियों को एक करोड़ का मुआवजा देगी, यह राजनैतिक निर्लज्जता व अहंकार का द्योतक है। गृहमंत्री के मुंह से शहीदों के प्रति संवेदना का एक शब्द नहीं निकला? संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा इस तरह का कृत्य घोर निंदनीय है तथा उन्हें अपने पद से तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

डॉ. सिंह ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि गुना में हुई घटना की उच्च स्तरीय न्यायायिक जांच होनी चाहिए, आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देकर इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना नितांत आवश्यक है। साथ ही मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को प्रदेश के गृह मंत्री से तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए।

# धर्म रक्षा संघ की कोर कमेटी की बैठक श्रीमहंत डॉ.आदित्यानंद जी महाराज की अध्यक्षता में चिंतामणि कुंज में आयोजित की गई बैठक

**हरिनिवास दुबे पुष्पांजली टुडे**




**मथुरा ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा श्री श्री कृष्ण जन्मभूमि के विषय में दिए हुए निर्णय का स्वागत किया गया। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि इसके बाद ही सौरव गौड़ ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने 4 माह के अंदर मथुरा कोर्ट को जन्म भूमि से संबंधित सारे वादों के निस्तारण का जो आदेश दिया है वह निश्चित रूप से स्वागत योग्य है,धर्म रक्षा संघ समेत सभी हिंदूवादी संगठन इस निर्णय से अति प्रसन्न है। श्री महंत डॉ आदित्य आनंद जी महाराज ने कहा कि मथुरा कोर्ट में प्रतिदिन जन्म भूमि से संबंधित केस की सुनवाई होनी चाहिए तभी इसका निर्णय 4 माह के अंदर आएगा। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय मार्गदर्शन महंत मोहिनी बिहारी शरण ने कहा कि मुस्लिम समाज इस कोर्ट केस को लटकाये रखना चाहता है तभी केस में अकारण व्यवधान पैदा करता है। महामंडलेश्वर स्वामी नवल गिरी महाराज ने कहा कि सारे साख्य हिन्दुओं के पक्ष में देखकर विरोधी पक्ष हताश और निराश हो चुका है। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीदास प्रजापति ने कहा कि धर्म रक्षा संघ जल्द ही इस बिषय में नयी रणनीति घोषित करेगा।

# राष्ट्रीय एकता शिविर तेलंगाना के लिए मध्यप्रदेश का एनएसएस दल रवाना

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**




**भिण्ड ।** कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर करेंगे मध्यप्रदेश एनएसएस दल का प्रतिनिधित्व भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय हैदराबाद द्वारा जे.एन.टी.यू.एच.इंजीनियरिंग कॉलेज सुल्तानपुर, संगारेड्डी (तेलंगाना) में दिनांक 14 मई से 20 मई 2022 तक किया जा रहा है,जिसमे मध्यप्रदेश के एनएसएस दल का प्रतिनिधित्व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर करेगें। एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल,म. प्र. से जीवाजी विश्वविद्यालय की संगठन व्यवस्था में 5 लड़के और 5 लड़कियां कुल दश प्रतिभागी इस राष्ट्रीय एकता शिविर (एनआईसी) में सहभागिता करेंगे,जिसमे नीतेश नरवरिया,विश्वजीत जाट,दीक्षा सोनी,अनामिका राठौर,भानुप्रिया,दीपाली गौतम,काजल तोमर,देवव्रत, विनीत चक्रवर्ती और शशांक जैन शामिल हैं।दल रात को दक्षिण एक्सप्रेस से ग्वालियर से हैदराबाद के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक जीवाजी विश्वविद्यालय डॉ रविकांत अदलतवाले, जिला संगठक डॉ मनोज अवस्थी,आकाश अष्ठाना सर और पुनीत बंसल ने टीम को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम समन्वयक ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के साथ स्वयंसेवकों में विश्वबंधुत्व की भावना का विकास करती है,उनमें राष्ट्रीयता और समाजसेवा की भावना को प्रगाढ़ बनाती है।

इस शिविर के माध्यम से शिविरार्थी भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों की संस्कृति,भाषा,रहन सहन,खान-पान, पहिनावा,बोलचाल और वहां के परिवेश से परिचित हो सकेंगे तथा साथ-साथ रहकर आपसी मेल-जोल से प्रेम,सौहाद्र,भाईचारे और राष्ट्रीय एकता एवम अखंडता की भावना को और अधिक मजबूत बनाएंगे।

# पंक्षियों के चहचहाट की मधुर ध्वनि सुनने के लिए गर्मियों में आवश्यक है पंक्षी मित्र अभियान : आदित्य दुवे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**




**भिण्ड ।** जिले में चल रहे पंक्षी मित्र अभियान का शुभारंभ 19 मई2022 को स्वयंसेवक आदित्य दुवे द्वारा किया गया था। जिसके अंतर्गत पंक्षियों के लिए दाना- पानी रखना, चीटियों को चुनाना, वृक्षों पर सकोरे लगाना, पशुओं के लिए घर के बाहर या आस-पास पानी की टंकी रखना एवं ऐसे वेस्ट मटेरियल को चुनकर जिनमे पक्षियों के लिए पानी भरा जा सके ऐसे मटेरियल को स्वक्ष कर उनमें पानी भरना व जगह-जगह लगे खाली सकोरों में पानी भरने का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। भोजन तथा पानी की कमी और हीट स्ट्रोक के कारण हर साल सैकड़ों पक्षी व कई पशु मर जाते हैं। भीषण गर्मी में पशु- पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए काफी दूर-दूर तक भटकना पड़ता है व ऐसे में वह अच्छे-बुरे कैसे भी जल का पान कर लेते हैं जिससे कई पशु-पक्षी रोगों से भी ग्रसित होकर अपने प्राण त्याग देते हैं। यह अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना, शिवाजी युवा मंडल व सम्भावना आनंदम क्लब के सहयोग से सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत स्वयंसेविका अश्विनी श्रीवास द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को भी ऐसे कार्यों को खेल-खेल में करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसमें कार्यरत सभी स्वयंसेवकों द्वारा अपने स्तर पर पक्षियों और छोटे जीव-जंतुओं की रक्षा के लिए प्रयास कर रहे हैं। इस अभियान को सफल बनाने में ब्लॉक योग प्रभारी प्रसांत भदौरिया, अश्विनी श्रीवास, अनिल शर्मा, तमन्ना जहां, हर्ष शर्मा, विपिन सिंह राजावत, अंशुल हरिऔध, अतुल सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान है।

# भोज कुलपति के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने दर्ज की शिकायत

**भोपाल।** भोज विश्वविद्यालय के कुलपति जयंत सोनवलकर के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर ईओडब्ल्यू ने शिकायत दर्ज कर ली है। ईओडब्ल्यू ने इस संबंध में आडिट विभाग मप्र शासन, राजभवन एवं उच्च शिक्षा विभाग के प्रमाणित दस्तावेजों आदि को आधार बनाते हुए कार्रवाई की है। इसमें यह बात सामने आई है कि पिछले दो वर्षों से भोज विवि में किए जा रहे आर्थिक घोटालों में छह करोड़ का सुरक्षा एजेंसी घोटाला सामने आया है। विवि में कार्यरत लगभग 150 कर्मचारियों के खातों में निजी सुरक्षा एजेंसियों द्वारा ईपीएफ और कर्मचारी बीमा राशि जमा नही करने पर भी सुरक्षा एजेंसियों को अवैध भुगतान कर दिया, जबकि पिछले पांच वर्षों के आडिट प्रतिवेदनों में भी ये आपत्ति यथावत है कि कर्मचारियों के इन खातों में राशि जमा न होने पर निजी सुरक्षा एजेंसियों को भुगतान न किया जाए, लेकिन रिश्वतखोरी के आधार पर निजी सुरक्षा एजेंसियों को रोकी गई राशि भुगतान की गई है। ये घोटाला पिछले पांच वर्षों में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी के दौरान आकस्मिक मौतें और कुछ कर्मचारियों को बीमारियां होने के कारण उनको ईएसआईसी द्वारा कोई बीमा राशि नहीं दी और इन कमर्चारियों के बीमा खातों में कोई राशि जमा होना ही नहीं पाई गई।

# शहीद हुए पुलिस उप निरीक्षक का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ शहीद राजकुमार जाटव को दी अंतिम विदाई

ग्वालियर। गुना जिले में शिकारियों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ की घटना में अशोकनगर जिले के निवासी शहीद हुए पुलिस उप निरीक्षक श्री राजकुमार जाटव का शनिवार को अशोकनगर के पठार मुक्ति धाम पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर खुले वाहन में शव यात्रा का शहर भ्रमण कराकर श्मशान घाट ले जाई गई। इस दौरान शहरवासियों द्वारा शहीद हुए उप निरीक्षक को नम आंखो से पु?पवर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद उप निरीक्षक को मुक्ति धाम स्?थल पर गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी गई।



### शहीद की अर्थी को दिया कंधा

गुना जिले में पुलिस उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ रहे राजकुमार जाटव सहित तीन पुलिस कर्मियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शिकारियों और पुलिस के बीच हुई मुठभेंड में अपने प्राणों की आहूति दे दी । शहीद की अंतिम यात्रा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शहीद की अर्थी को कंधा दिया गया।

इस मौके पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव, अशोकनगर विधायक श्री जजपाल सिंह जज्जी,एडीजे भोपाल श्री विजय कटारिया, कलेक्टर श्रीमती आर. उमा महेश्वरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, आमजन तथा परिजनों द्वारा पुष्पचक्र अर्पित कर अंतिम विदाई दी गई। शहीद के डेढ़ वर्षीय पुत्र ने अपने शहीद पिता को मुखाग्नि दी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि घटना में शहादत देने वाले तीनों पुलिस के साथी सब इंस्पेक्टर श्री राजकुमार जाटव, आरक्षक श्री नीरज भार्गव और आरक्षक श्री संतराम की शहादत व्यर्थ नहीं जाने दी जाएगी। इन्होंने कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने जीवन को न्यौछावर किया है। उन्हें शहीद का दर्जा दिया गया है। परिजन को एक-एक करोड़ रुपये की सम्मान निधि दी जाएगी। साथ ही तीनों के परिवार के एक-एक सदस्य को शासकीय सेवा में लिया जाएगा।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने दी शहीद हुए पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि

### अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगाः मंत्री श्री तोमर

### बलिदानियों को शहीद का दर्जा, परिजन को एक करोड़ की सम्मान निधि और

### परिवार के एक सदस्य को नौकरी

ग्वालियर। गुना जिले के आरोन में शिकारियों से पुलिस की देर रात हुई मुठभेड़ में शहीद हुए पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए ऊर्जा मंत्री तथा गुना जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने बलिदान देने वाले जवानों के परिवारों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह के अपराधों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सखूत कदम उठाए जाएंगे। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्णय लिया है कि पुलिस के तीनों साथियों को शहीद का दर्जा दिया जायेगा, उनके परिजन को एक-एक करो? रूपए की सम्मान निधि और परिवार के एक ङ्क एक सदस्य को शासकीय सेवा में लिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि विगत रात्रि कृष्ण-मृग के शिकारियों के साथ हुई मुठभेड़ में आरोन थाने के एसआई राजकुमार जाटव, प्रधान आरक्षक नीरज भार्गव, सिपाही संतराम मीणा एवं लखन गिरी को गश्त के दौरान गोलियाँ लगी थीं। लखन गिरी गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती है, जबकि एसआई सहित तीन पुलिस जवानों की मृत्यु हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा का प्रभु श्रीराम के भक्त केवट महाराज जी की जयंती पर कार्यक्रम आज

ग्वाल्यिर। प्रभु श्रीराम के भक्त केवट महाराज जी की जयंती पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं मछुआरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में कल 15 मई को सुबह 9 बजे जिला कार्यालय मुखर्जी भवन पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समाज में सदैव अपनी भूमिका निभाने वाले श्रेश्ठ व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सांसद श्री विवेक नारायण शेजवल्कर, उर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, बीज निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार मांझी एवं मछुआरा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक जय बाथम ने इस कार्यक्रम में भाजपा के सभी वरिष्ठजन, जिला व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं मंडलों के अध्यक्ष, पदाधिकारीगण ज्येष्ठ श्रेष्ठ देवतुल्य कार्यकर्ताओ से इस अवसर पर उपस्थित रहने की अपील की है।

### अज्ञात वाहन ने बोलेरो में टक्कर मारी 2 की मौत

ग्वालियर । जिले के डबरा के पास नेशनल हाइवे पर आज सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां अरु तिराहे के पास अज्ञात वाहन ने बोलेरो वाहन में टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बोलेरो वाहन में सवार चार लोग झांसी से ग्वालियर की तरफ आ रहे थे। तभी नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार वाहन ने बोलेरो को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। आसपास से निकल रहे वाहन चालकों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बोलेरो वाहन में फंसे लोगों को जैसे-तैसे बाहर निकाला। इस हादसे में दो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जबकि दो लोगों की हालत काफी गंभीर थी। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस के जरिए घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल डबरा पहुंचाया। जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचा दिया गया। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया है। घायल और मृतकों की पहचान के प्रयास पुलिस कर रही है।

### कार की टक्कर से 3 साल के बच्चे की मौत

ग्वालियर । शहर के महाराजपुरा थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से एक घर का चिराग बुझ गया हादसे में 3 साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई ।पुलिस ने आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार गोहद चौराहा निवासी नीरज तोमर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बीते रोज महाराजपुरा क्षेत्र में स्थित भारत मार्केट ससुराल में आए थे। बीती शाम वाले बच्चों के साथ बाजार जा रहे थे तभी दीनदयाल कारखाने के पास एक कार एमपी 30 सी 3814 ने उनके 3 साल के बच्चे कृष को टक्कर मार दी। घटना में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई ।पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### 25 लाख का माल ड्राइवर लेकर भागा

**ललितपुर से खरीदकर हरयाणा भेजा था एल्यूमीनियम प्लेट व टायर**

ग्वालियर । ग्वालियर में एक ट्रक ड्राइवर द्वारा 25 लाख रुपए कीमत का ट्रक में भरा माल ट्रक समेत लेकर गायब हो गया बताया जा रहा है कि ट्रक में एल्यूमीनियम प्लेट,स्क्रैप,एवं टायर भरे हुए थे कारोबारी ने यह माल ललितपुर से खरीद था और इसे हरियाणा भेजा जा रहा था लेकिन ट्रक ड्राइवर इस माल को लेकर कहां चला गया अभी यह पता नहीं चल सका है जिसकी शिकायत कारोबारी ने थाने पहुंचकर पुलिस ने की कार्यवाही की शिकायत पर धोखाधड़ी करने वाले ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर ट्रक ड्राइवर व ट्रक की तलाश शुरू कर दी है। ग्वालियर के सिरोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे के पास से लाखों रुपए कीमत का स्क्रैप से भरे ट्रक को उसी का ड्राइवर लेकर भाग गया बताया जा रहा है कि मुरैना में रहने वाले अजय गुप्ता पेशे एक ट्रांसपोर्ट एवं स्क्रैप कारोबारी हैं कारोबारी अजय गुप्ता ने अपने ट्रक में 25 लाख रुपए कीमत के एल्यूमीनियम प्लेट,स्क्रैप,एवं टायर का ट्रांसपोर्ट करने के लिए माल को ललितपुर से भरवाया था और उस माल को हरियाणा भेजा जा रहा था अजय गुप्ता ने उस ट्रक को अपने ड्राइवर मनोज शर्मा निवासी नाका चंद्रवदनी के जरिए रवाना किया था ड्राइवर मनोज शर्मा ने ट्रक को सिरोल हाइवे के पास कुछ समय के लिए पंजाबी ढाबे के पास खड़ा किया लेकिन ट्रक में 25 लाख रुपए कीमत का सामान देखकर ड्राइवर मनोज शर्मा की नीयत बदल गई और वह ट्रक को माल सहित लेकर गायब हो गया जिसकी शिकायत ट्रांसपोर्टर कारोबारी ने थाने पहुंचकर स्थिति है पुलिस ने कारोबारी की शिकायत पर ट्रक ड्राइवर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर ट्रक और ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

**पुलिस चालक की तलाश में जुटी**

सिरोल थाना प्रभारी गजेंद्र धाकड़ का कहना है कि थाने पर आकर मुरैना में रहने वाले एक कारोबारी ने लिखित आवेदन शिकायत की थी कि उनका ड्राइवर मनोज शर्मा 25 लाख रुपए कीमत का एल्यूमीनियम प्लेट,स्क्रैप,एवं टायर से भरे ट्रक के साथ गायब हो गया।

# नगरीय निकायों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह 17 मई को




### मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ऑनलाइन करेंगे संबोधित

### जिला स्तरीय कार्यक्रम बाल भवन सभागार में होगा

ग्वालियर। नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचनागत विकास को गति देने तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रदेश स्तरीय विकास कार्यों के भूमि पूजन, लोकार्पण, हितग्राहियों को हितलाभ वितरण एवं नागरिकों से संवाद कार्यक्रम का आयोजन 17 मई को आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान होंगे। सभी नगरीय निकायों में आयोजित समारोहों को मुख्यमंत्री ऑनलाइन संबोधित भी करेंगे।

ग्वालियर जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी नगरीय निकायों में भी लोकार्पण एवं भूमिपूजन के कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। ग्वालियर का जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम के बाल भवन सभागार में आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम में मंत्रिगण, सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भमिपूजन, लोकार्पण और हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जायेगा। ग्वालियर जिले में लोकार्पण एवं भूमिपूजन के कार्यक्रम को भव्यता से आयोजित करने के उद्देश्य से प्रभारी कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने शनिवार को नगरीय प्रशासन विभाग से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रभारी कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ-साथ जिले के अन्य नगरीय निकायों से जुड़े हुए अधिकारियों को लोकार्पण एवं भूमिपूजन के साथ-साथ हितलाभ वितरण के कार्यक्रम को पूरी भव्यता से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि समारोह में सभी जनप्रतिनिधियों को भी सादर आमंत्रित किया जाए। इसके साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल एवं अन्य व्यवस्थायें भी समारोह स्थल पर हों यह भी सुनिश्चित किया जाए।

प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। जिला स्तर पर कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से आयोजित किए जायेंगे। स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों के पश्चात प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान हितग्राहियों को संबोधित करेंगे।

कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक में सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती नीतू माथुर, संयुक्त संचालक नगरीय निकाय ग्वालियर श्री आर के श्रीवास्तव, अपर आयुक्त नगर निगम श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, अधीक्षण यंत्री पीएचई श्री आर एल एस मौर्य, अधीक्षण यंत्री जनकार्य श्री पारा, संयुक्त संचालक लेखा श्रीमती रजनी शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी और नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित थे।

## नारद जयंती पर उत्कृष्ट पत्रकारों का होगा सम्मान

### पत्रकारिता सम्मान एवं संवाद आज




तीनों लोक में भ्रमण कर जन कल्याणकारी समाचारों का संचार करने वाले आद्य पत्रकार देवर्षि नारद की जयंती पर ÷मामा÷ माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास ग्वालियर द्वारा पत्रकार सम्मान व विमर्श का आयोजन 15 मई को किया जाएगा।

देवर्षि नारद जयंती पर पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रति वर्ष आयोजित किया जाने वाला यह प्रतिष्ठित व गरिमामय आयोजन इस वर्ष भी भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रविवार 15 मई को दोपहर 2 बजे से जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में ÷वर्तमान वैचारिक षड्यंत्र और चुनौतियों में पत्रकारिता की भूमिका÷ विषय पर विद्वान वक्ता श्री लाजपत आहूजा वरिष्ठ लेखक चिंतक व सेवानिवृत्त संचालक जनसंपर्क मध्यप्रदेश शासन का सम्बोधन होगा। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ श्री सुशील मंडेरिया कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय उपस्थित रहेंगे एवं अध्यक्षता श्री दीपक सचेती अध्यक्ष मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में पत्रकारिता के विविध आयामां पर आधारित विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट व लोक कल्याणकारी पत्रकारिता में विशिष्ट स्थान रखने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। जिन श्रेणियों से पत्रकारों को सम्मानित किया जा रहा है उनमें प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल न्यूड़ पोर्टल, छायाकार, वीडियो पत्रकार, नागरिक पत्रकारिता, महिला पत्रकार तथा विशेष श्रेणी में समाज सरोकार की पत्रकारिता को शामिल किया गया है। समानित किए जाने वाले पत्रकारों के चयन हेतु वरिष्ठ पत्रकारों की चयन समिति का गठन किया गया, जिसके द्वारा तय मापदंडों के आधार पर सम्मानित किए जाने वाले पत्रकारों की चयन प्रक्रिया का कार्य किया जाता है। मामा माणिकचंद वाजपेयी स्मृति सेवा न्यास ने विविध विधाओं से जुड़े पत्रकारों, लेखकों आदि से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## क्राईम ब्रांच व थाना विश्वविद्यालय पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

### ग्वालियर पुलिस ने होटल के रूम में बैठकर मोबाइल पर आईपीएल का ऑनलाईन सट्टा खिलाते हुए तीन सट्टेवाजों को पकड़ा

### पुलिस टीम ने तीन मोबाइल तथा 02 लाख 40 हजार रूपये नगद किये जप्त।

### पकड़े गये सटोरियों के पास मिला 02 करोड़ से अधिक का हिसाब-किताव।

### पकड़े गये तीन सटोरियों के अलावा आईडी उपलब्ध कराने वाले के खिलाफ पुलिस ने की 109 भादवि की कार्यवाही



ग्वालियर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे को दिनांक 13.05.22 को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना विश्वविद्यालय क्षेत्र स्थित होटल बैलेव्यू, पटेल नगर के रूम नम्बर 106 में कुछ लोग आईपीएल क्रिकेट पर ऑनलाईन सट्टा खिला रहे हैं। उक्त सूचना पर एसएसपी ग्वालियर ने अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया को पुलिस की टीम को आईपीएल क्रिकेट पर हार जीत का दाब लगाकर सट्टा खिलवा रहे सटोरियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। अति. पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध) द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक(दक्षिण) श्रीमती मृगाखी डेका,भापुसे से समन्वय स्थापित कर क्राईम ब्रांच व थाना विश्वविद्यालय की संयुक्त पुलिस टीम बनाकर उक्त सूचना की तस्दीक कर सटोरियों को पकड़ने हेतु लगाया गया।

## वेतन काटने के साथ होगी विभागीय कार्यवाही



ग्वालियर। स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल लाने के लिए नगर निगम के आयुक्त द्वारा प्रतिदिन शहर में निरीक्षण किया जाता है उसी क्रम में आज उपायुक्त स्वास्थ्य सत्यपाल सिंह चौहान द्वारा सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु ग्वालियर विधानसभा में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड 01,05 एवं 07 के कर्मचारियों की उपस्थिति भी चेक की गई जिसमें क्रमशः 03, 08 एवं 10 कर्मचारी अनुपस्थित पाए । अनुपस्थित कर्मचारियों में नियमित, विनियमित कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किये जाने एवं आदतन अनुपस्थित रहने वाले आउटसोर्स के विरुद्ध सेवा से पृथक किये जाने की कार्यवाही की जाएगी। वार्ड 07 में निरीक्षण में उपायुक्त स्वास्थ्य द्वारा डोर टू डोर वाहन को चेक किया एवं फीडबैक रजिस्टर न होने पर संबंधित चालक के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश डिपो प्रभारी को दिए गए। उक्त क्षेत्र की व्यवस्था का दायित्व स्वच्छ्ता निरीक्षक एवम सहायक स्वास्थ्य अधिकारी का होता है किंतु स्वच्छ्ता निरीक्षक एवम सहायक स्वास्थ्य अधिकारी निरीक्षक के दौरान क्षेत्र में नही पाए जाने पर स्वच्छता निरीक्षक अनिल धोलकर तथा सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अजय सिंह एवं शरण कुमार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाएंगे।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478